


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 93 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भारतीय रुपए का अवमूल्यन विमर्श का नया अवसर

प्रियंका चोपड़ा ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ की ◂◂ 6


### हजारीबाग में एनआईए का एक्शन

# आईएसआईएस कनेक्शन की जांच में मिले कई अहम सुराग

संवाददाता

**रांची/हजारीबाग :** आतंकी नेटवर्क का सुराग मिलने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम एक्शन मोड पर आ गई है। हजारीबाग में टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई एक शख्स के आईएसआईएस नेटवर्क से जुड़े होने के संदेह के आधार पर की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी शुक्रवार को दी।

कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्तः एनआईए ने अंसार नगर क्षेत्र स्थित शहनवाज आलम के घर पर छापा मारा और तलाशी के दौरान एक लैपटॉप, प्रिंटर और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए, जिनके आतंकी नेटवर्क में इस्तेमाल होने की आशंका जताई जा रही है। एनआईए अधिकारियों ने बरामद लैपटॉप और दस्तावेजों की सामग्री के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। जिले की पुलिस ने भी पुष्टि की कि यह कार्रवाई एनआईए की टीम द्वारा की गई है। संदिग्ध आतंकी



शहनवाज आलम से जुड़े होने की बातः यह छापेमारी एक डॉक्टर द्वारा दी गई जानकारी के बाद की गई है, जिसे इससे पहले एनआईए ने गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई उस नेटवर्क की जांच का हिस्सा है, जो संदिग्ध आतंकी शहनवाज आलम से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। शहनवाज को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अक्तूबर 2023 में गिरफ्तार किया था। शहनवाज आईएसआईएस हैंडलरों के संपर्क में थाः शहनवाज मूल रूप से हजारीबाग का रहने वाला है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि उसका नेटवर्क झारखंड में भी सक्रिय हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, शहनवाज 2019 में लूट और चोरी के आरोप में जेल गया था। दिसंबर 2020 में जमानत मिलने के बाद वह कथित तौर पर आईएसआईएस हैंडलरों के संपर्क में आ गया और बाद में पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस में अहम भूमिका निभाने लगा। अधिकारियों को शक है कि उससे जुड़े कुछ लोग अभी भी झारखंड में सक्रिय हो सकते हैं।

## रांची सहित देश के 25 ठिकानों पर की छापेमारी

### जानलेवा कफ सीरप कारोबार पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध कफ सिरप के निर्माता से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे आज सुबह 7:30 बजे शुरू हुए और मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल, उसके सहयोगी आलोक सिंह और अमित सिंह, तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल से संबंधित परिसरों पर कार्रवाई की गयी।

ईडी उन आरोपी कफ सिरप निमार्ताओं के ठिकानों पर भी कार्रवाई कर रही है जिन पर धोखाधड़ी करके कफ सिरप की आपूर्ति की और इसके अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया। ये छापे उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर तथा पड़ोसी राज्य झारखंड की राजधानी रांची तथा गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में मारे गए। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें इन विभिन्न स्थानों पर वित्तीय लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद में दर्ज 30 से अधिक प्राथमिकियों के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। ये मामले कोडीन-आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण, परिवहन, व्यापार और सीमा पार तस्करी से संबंधित हैं। इस काले व्यापार से करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की आय होने का अंदाजा लगाया गया है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल फरार है और माना जा रहा है कि वह दुबई में है। उसके पिता भोला प्रसाद को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस अब तक कुल 32 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की समन्वित जांच के लिए एक विशेष जांच दल का भी गठन किया है।

### चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

# यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा, जारी हुआ नया शेड्यूल

एजेंसी

**नई दिल्लीः** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश सहित छह राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों में संशोधन कर रहा है। चुनाव आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और अंडमान और निकोबार में मतदाता सूची की एसआईआर अनुसूची में संशोधन किया गया है। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के बाद चुनाव निकाय ने एसआईआर के लिए एक संशोधित कार्यक्रम जारी किया।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, तमिलनाडु और गुजरात को अब अपनी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) रिपोर्ट 19 दिसंबर, 2025 (शुक्रवार) तक जमा करनी होगी, जो पहले 14 दिसंबर, 2025 (रविवार) थी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए भी समय सीमा बढ़ा दी गई है, और नई जमा करने की तिथि 23 दिसंबर, 2025 (मंगलवार) निर्धारित की गई है, जो पहले



की 18 दिसंबर, 2025 (गुरुवार) की समय सीमा का स्थान लेगी। उत्तर प्रदेश को अब अपनी एसआईआर रिपोर्ट 31 दिसंबर, 2025 (बुधवार) तक जमा करनी होगी, जो पहले 26 दिसंबर, 2025 (शुक्रवार) थी।

भारत निर्वाचन आयोग 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन का दूसरा चरण चला रहा है। एसआईआर का पहला चरण बिहार में विधानसभा चुनावों से पहले सितंबर में पूरा हो गया था। यह प्रक्रिया अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल को कवर करती है। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होने हैं, जहां मतदाता सूची के संशोधन की घोषणा अलग से की गई है। इसे 'विशेष संशोधन' कहा जा रहा है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची का अंतिम रक्फ़ 2002 और 2004 के बीच हुआ था, और उन्होंने अपने-अपने राज्यों में हुए अंतिम रक्फ़ के अनुसार वर्तमान मतदाताओं का मानचित्रण लगभग पूरा कर लिया है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके विदेशी अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है। बांग्लादेश और म्यांमार सहित विभिन्न राज्यों में अवैध प्रवासियों पर की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण हो जाता है।

# वंदे मातरम पर भिड़े नड्डा-खडगे, दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक, उपराष्ट्रपति को देना पड़ा दखल

एजेंसी

**नई दिल्लीः** संसद के शीतकालीन सत्र के 9वें दिन वंदे मातरम पर बहस गरमा गई। चर्चा के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जवाहरलाल नेहरू पर की गई टिप्पणी के बाद राज्यसभा में हंगामा मचा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने नेहरू को बहस का केंद्र बनाने पर सवाल उठाया। श्री नड्डा ने कांग्रेस पर संस्कृति से समझौता करने का आरोप लगाया, वहीं श्री खडगे ने आरोपों को विकृत और असत्य बताया, जिससे दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अंततः अध्यक्ष उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हस्तक्षेप के बाद श्री नड्डा ने कहा कि सरकार केवल





ऐतिहासिक तथ्यों को सही करना चाहती है, न कि नेहरू की छवि को धूमिल करना। चर्चा के दौरान श्री नड्डा ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत के पूर्व पीएम को बदनाम करना नहीं, लेकिन इतिहास को रिकॉर्ड पर रखना जरूरी है। श्री नड्डा ने कहा कि जब कोई घटना घटती है, तो जिम्मेदार सरदार ही होता है। कांग्रेस पार्टी की सरकार के सरदार नेहरू ही थे, इसलिए जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। वहीं श्री खडगे ने पूछा कि क्या चर्चा का विषय वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है या फिर चर्चा का मुख्य विषय जवाहरलाल नेहरू हैं। श्री खडगे ने नड्डा पर नेहरू का अपमान करने का आरोप लगाया।

वंदे मातरम को राष्ट्रगान के बराबर सम्मान देने के साथ चर्चा संपन्न वंदे मातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में राज्यसभा में तीन दिन की चर्चा सदन के नेता और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा के इस आह्वान के साथ संपन्न हुई कि इस गीत को राष्ट्रगान जन-गण-मन के समान ही स्थान मिलना चाहिए। श्री नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि इसको राष्ट्रगान के समान ही स्थान मिलेगा और इसका उसके बराबर ही सम्मान होगा।

### पत्नी ने एलिमनी लेने से किया मना, सास के कंगन भी लौटाए

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा - यह बहुत दुर्लभ समझौता

एजेंसी

**नई दिल्लीः** तलाक की कार्रवाई में दो पक्षों में हमेशा पैसों और प्रॉपर्टी को लेकर दावे होते हैं, लेकिन गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट तलाक के एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था जिसे खुद कोर्ट ने कहा कि यह एक दुर्लभ समझौता है, क्योंकि पत्नी ने कोई पैसों का दावा नहीं किया था। दरअसल, महिला ने तलाक लेते वक्त किसी भी तरह का गुजारा भत्ता या एलिमनी नहीं मांगी। इतना ही नहीं, उसने शादी के समय अपनी सास के तोहफे में दिए गए सोने के कंगन वापस करने की भी इच्छा जताई। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह केस





जस्टिस जेबी. पारदीवाला और केवी. विश्वनाथन की बेंच के सामने आया। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि यह एक बहुत कम होने वाला समझौता है, जो कोर्ट के सामने आया है, क्योंकि पत्नी ने अपने पति से कुछ भी नहीं मांगा और तलाक का आदेश जारी कर दिया। सुनवाई की शुरूआत में महिला की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को सूचित किया कि उनकी मुवक्किल किसी भी प्रकार के गुजारे भत्ते या एलिमनी की मांग नहीं कर रही हैं। उसे केवल सोने के कंगन लौटाने हैं। इस पर बेंच ने पहले गलतफहमी में यह समझा कि पत्नी अपनी स्त्रीधन वापस मांग रही है लेकिन जैसे ही वकील ने यह स्पष्ट किया कि ये कंगन महिला खुद लौटा रही है, जो शादी के समय सास ने उसे तोहफे में दिए थे। यह सुन जस्टिस पारदीवाला मुस्कुरा उठे। उन्होंने कहा, यह बहुत दुर्लभ समझौता है जो हमने देखा है। सुनवाई के दौरान पत्नी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ी थीं। कोर्ट ने अंतिम आदेश पारित करते हुए दोनों पक्षों के बीच विवाह संबंध को समाप्त कर दिया।

## इंडिगो के 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

# सेफ्टी और नियमों की अनदेखी का आरोप

एजेंसी

**नई दिल्लीः** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को चार उड़ान संचालन निरीक्षकों (एफओआई) को निलंबित कर दिया, जो एयरलाइन सुरक्षा की निगरानी के लिए जिम्मेदार थे। यह निलंबन भारत भर के कई हवाई अड्डों पर हजारों इंडिगो उड़ानों के रद्द होने के बाद फैली अराजकता के संबंध में किया गया है। ये एफओआई इंडिगो के उड़ान संचालन की निगरानी के लिए जिम्मेदार थे, लेकिन लापरवाही के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। विमानन नियामक इंडिगो के संचालन पर लगातार नजर रख रहा है और उसने इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स को भी तलब किया, जो गुरुवार को उसके समक्ष पेश हुए। इसके वरिष्ठ अधिकारी 11 घरेलू हवाई अड्डों पर इंडिगो के संचालन का





आकलन करने के लिए मौके पर जाकर निरीक्षण भी करेंगे। इंडिगो ने प्रभावित यात्रियों को यात्रा वाउचर के रूप में 10,000 रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। कंपनी ने यह भी कहा है कि वह लगभग 3 लाख यात्रियों को लेकर 1,950 उड़ानें संचालित करने की उम्मीद कर रही है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि हम गंभीर रूप से प्रभावित ग्राहकों को 10,000 रुपये के यात्रा वाउचर प्रदान करेंगे। इन यात्रा वाउचर का उपयोग अगले 12 महीनों में इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है।₹ ₹यह मुआवजा मौजूदा सरकारी दिशानिर्देशों के तहत प्रतिबद्धता के अतिरिक्त है, जिसके अनुसार इंडिगो उन ग्राहकों को उड़ान के ब्लॉक समय के आधार पर 5,000 रुपये से 10,000 रुपये तक का मुआवजा प्रदान करेगी जिनकी उड़ानें प्रस्थान समय से 24 घंटे के भीतर रद्द कर दी गई थीं।

इस बीच, एल्बर्स शुक्रवार को डीजीसीए द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष फिर से पेश होंगे। इस समिति में संयुक्त महानिदेशक संजय ब्रह्मणे, उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक कपिल मंगलिक और सूचना एवं सूचना प्राधिकरण के लोकेश रामपाल शामिल हैं। समिति को प्रमुख घरेलू विमानन कंपनी में व्यापक परिचालन व्यवधानों के मूल कारणों की पहचान करने का दायित्व सौंपा गया है। समिति के कार्यक्षेत्र में मानव संसाधन नियोजन, अस्थिर रोस्टरिंग प्रणालियों और पायलटों के लिए नवीनतम ड्यूटी अवधि और विश्राम मानदंडों को लागू करने के लिए एयरलाइन की तैयारियों का आकलन करना शामिल है, जो इस वर्ष 1 नवंबर से प्रभावी हुए हैं।

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बस, आठ तीर्थयात्रियों की मौत

**विशाखापत्तनम :** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में शुक्रवार सुबह एक प्राइवेट ट्रैवल बस के खाई में गिरने से आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा चिंतूर-नारेदुमिल्ली घाट रोड पर हुआ, जब ड्राइवर कथित तौर पर एक तीखे मोड़ पर बस को कंट्रोल नहीं कर पाया और सेफ्टी वॉल से टकराने के बाद बस खाई में गिर गई। बस में दो ड्राइवरों समेत 37 लोग सवार थे और वह अन्नावरम जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार सभी यात्री चित्तूर जिले के थे, जो तेलंगाना के भद्राचलम मंदिर के दर्शन करने के बाद काकीनाडा जिले के अन्नावरम मंदिर जा रहे थे। जिस जगह हादसा हुआ, वहां मोबाइल फोन नेटवर्क नहीं था, इसलिए मोथुगुंटा में पुलिस तक जानकारी पहुंचने में कुछ समय लगा। पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस और बचाव टीम ने मौके से आठ शव बरामद किए। घायलों को चिंतूर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए पांच पुलिस वाहनों और तीन एंबुलेंस का इस्तेमाल किया गया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने बचाव और राहत कार्यों के बारे में अधिकारियों से बात की। उन्होंने उन्हें घायलों को सबसे अच्छा इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गृह मंत्री वी अनिता और आदिवासी कल्याण और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री जी. संध्या रानी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। उन्होंने अल्लूरी सीतारामाराजू जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से बात की और उन्हें पीड़ितों को हर संभव मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन 90 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



**नई दिल्लीः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार सुबह लातूर में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे और घर पर ही उपचाररत थे। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री समेत कई अहम पद संभाले। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने गए और महाराष्ट्र की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण स्थान रहा। 12 अक्टूबर 1935 को चाकुर (लातूर) में जन्मे पाटिल ने आयुर्वेद और कानून की पढ़ाई की। उनका राजनीतिक सफर 1967 में लातूर नगर पालिका से शुरू हुआ। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की सरकारों में उन्होंने रक्षा, वाणिज्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण विभागों में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। 1991 से 1996 तक वे लोकसभा अध्यक्ष रहे और इस दौरान सदन के आधुनिकीकरण व सीधा प्रसारण जैसी पहलें आगे बढ़ाईं। 2004 में चुनाव हारने के बाद भी वे गृह मंत्री बने, लेकिन 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वे 2010 से 2015 तक पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक रहे।

न्यूज IN ब्रीफ

## स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के माल्यार्पण कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**सिल्ली:** गुरुवार को सोनाहातू के भकूआ डीह मोड़ में स्थापित कोल विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम समाजसेवी सह सिल्ली विस पूर्व प्रत्याशी धनपति की अगुवाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ,समाजसेवी धनपति महतो ,राजाराम महतो व अन्य ने बुली महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्व सांसद ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के मान-सम्मान की रक्षा करना केन्द्र एवं राज्य सरकार समेत प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। इसके लिए मैं धनपति महतो को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानी के याद में इतना भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से देश को आजादी मिली है। झारखंड के वीरों और उनके संघर्ष की जानकारी जन-जन तक पहुँचे और किसी भी विद्रोह का इतिहास छूट न जाए इसको लेकर एक पुस्तक लिखा है पुस्तक की खासियत यह है कि सभी विद्रोहों-संघर्षों का प्रामाणिक विवरण एक जगह दिया गया है। कार्यक्रम को समाजसेवी राजाराम महतो धनपति महतो आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी बाद भारत को समृद्ध बनाने की जो कल्पना थी, साकार नही हो सका है इतिहास को मिटाने नहीं देना है इतिहास हमें हमारी जड़ों, गलतियों और सफलताओं से जोड़ता है; यह वर्तमान को समझने और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी के वंशजों को सम्मानित किया गया। वही कुड़माली लोक गायिका रेबती महतो एंव टीम ने अपने नृत्य संगीत पर लोगों का मन मोहा। मौके पर समाजसेवी राजू महतो वनमाली महतो, अजित महतो ,मनीष महतो ,हितेश महतो, जितेन महतो, राजेन महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जंगल में मिली अधजली लाश मामले का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार



खूंटीः जिले के कर्रा थाना अंतर्गत स्थित जंगल में मिली अधजली लाश के मामले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम अर्जुन मुंडा उर्फ बंबईया बताया जा रहा है, जो पहले भी कई गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त रह चुका है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा एसडीपीओ की अगुआई में गठित एक विशेष टीम ने अभियुक्त अर्जुन मुंडा को उसके गृह ग्राम डुमरगढ़ी से 11 दिसंबर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, हत्या का कारण प्रेम प्रसंग को लेकर मृतक अमरदीप के साथ हुआ विवाद बताया जा रहा है।

अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल जेएच-01एफएक्स 5788 मृतक का एटीएम कार्ड और अन्य सामान बरामद किया है। अभियुक्त के खुद के आधार कार्ड, पहचान पत्र, चार मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

अर्जुन मुंडा का रिकॉर्ड बेहद खराब है। वह कर्रा थाना के दो मामलों में लाल वारंटी और तोरपा थाना के दो मामलों में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ दर्ज आरोपों में हत्या, डकैती, ब्लैकमेलिंग और शस्त्र अधिनियम के तहत केस शामिल हैं। उस पर आठ अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कई गंभीर प्रकृति के हैं।

इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी में तोरपा के एसडीपीओ खिस्तोफर केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, अनुसंधानकर्ता जुगेश सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मी शामिल थे। तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल ने भी टीम को सहयोग दिया।

यह मामला कर्रा थाना कांड संख्या-48/25, तारीख 01।06।2025 से संबंधित है, जो ग्राम विलसिंरिंग के पास जंगल में एक चट्टान के नीचे गला काटकर की गई हत्या और शव को अधजला करने का था। इस मामले में धारा 103(1)/238 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत केस दर्ज किया गया था।

गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेजे जाने की उम्मीद है। पुलिस मामले की और गहराई से जांच कर रही है।

## 15 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा :** जिले के गिद्धौर थाना पुलिस ने गुरुवार को मादक पदार्थ अफीम तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के लोटार डैम के पास से पुलिस ने 03 किलो 12 ग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के लोटार डैम के पास कुछ तस्कर अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों के पास से एक प्लास्टिक में रखा अफीम बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि बरामद अफीम की अनुमानित मूल्य लगभग 15 लाख रु है। गिरफ्तार तस्करों में गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलगा गांव के कैलाश यादव का पुत्र पप्पू कुमार(18 वर्ष) और पांडेय टोला के स्व लाटो महतो का पुत्र बबलू कुमार महतो(32 वर्ष) है।इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या-103/25, दिनांक-11।12।2025, धारा-17 (सी0)/18 (बी0)/21 (सी0)/22 (सी0)/27 (ए)/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर तस्करों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शीतकालीन सत्र के समापन पर विपक्ष को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा

# इनके पास न मुद्दा है न तर्क है और न ही सवाल

**संवाददाता**

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने शीतकालीन सत्र के समापन भाषा में विपक्ष को निशाने पर रखा। कहा कि विपक्ष का काम सरकार के कामों का आइना दिखाना है लेकिन ये सदन से गायब हैं। सरकार के अभी एक साल पूरे नहीं हुए हैं। लेकिन एक साल में लंबी गाढ़ी लकीर खींच दी है।

राज्य के सर्वांगीण विकास की राह में तेजी से चलना शुरू कर दिया है। ये शीतकालीन सत्र ही नहीं बल्कि न भूलने वाला विधानसभा का 25वां वर्ष भी है। युवा राज्य ऊर्जा से लवरेज है। आगे बढ़ने को तत्पर है।

सत्र शुरू होने से लेकर समाप्ति तक विपक्ष के गायब रहने के पीछे कई कारण हैं। उनके पास न मुद्दा है, न सवाल है न तर्क है और न संवेदना है। विपक्ष ने सवालों से घेरने का प्रयास भी नहीं किया।

केंद्र सरकार कर रहा सौतेला व्यवहारः सीएम ने कहा कि विपक्ष ने पहले छात्रवृत्ति का मुद्दा उठाया। लेकिन इसमें भी केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार परिलक्षित हो रहा है। विपक्ष को सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। अपने आला-नेताओं से विचार-विमर्श करना चाहिए। कई एक बजट में भी कटौती की। कई स्कूलों को बंद करा दिया।

केंद्र सरकार ने दलित आदिवासी पिछड़ों के साथ अनुसूचित जाति को उच्च शिक्षा में मिलने वाली छात्रवृत्ति में 90 फीसदी, विदेश छात्रवृत्ति में 95 फीसदी, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक में 40 फीसदी, पोस्ट मैट्रिक में 63 फीसदी, मेधा आधारित छात्रवृत्ति टेक्नीकल और व्यवसायिक में 75 फीसदी और तकनीकी शिक्षण संस्थान के अनुदान में 61 फीसदी की कटौती कर दी। ऐसी स्थिति में



विपक्ष की मांग उचित नहीं है।

हमलोग छात्रवृत्ति बढ़ाने वाले लोग हैंः सीएम ने कहा कि हमलोग छात्रवृत्ति बढ़ाने वाले लोग हैं। गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 15 लाख रुपए का ऋण सिर्फ चार फीसदी व्याज पर उपलब्ध कराया जा रहा है। सावित्री बाई फूले योजना चलाई जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर स्कूलों को खड़ा कर रहे हैं।

कई जगह छात्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। धीरे-धीरे शिक्षा में नया आयाम जुड़ रहा है। आज बड़े प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी स्थापित हो रहे हैं। कई आने वाले भी है। 25 साल का रोडमैप बनाया गया है। मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई है। एक बेहतर भविष्य के साथ आगे जाएंगे।

सुझाव होना चाहिए था कि बजट में बढ़ोत्तरी होः सीएम ने कहा कि 7721 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हुआ। सुझाव इसमें बढ़ोत्तरी का होना चाहिए था। देश के विकास में झारखंड की अहम भूमिका रही है। रेलवे से भारत को सबसे अधिक रेवेन्यू मिलता है। लेकिन इसके बदले हमें धूल मिट्टी पलायन और प्रदूषण मिलता है।

ये आजकल कटौती का नया रूप लेकर आए हैं। आपका राशन, आपका वोट, आपकी बिजली और आपका घर तोड़ेंगे। आज लोकसभा में वंदे मातरम पर बहस हो रही है। क्या इससे गरीबी खत्म होगी क्या इससे रोजगार सृजन होगा।

इन लोगों ने गरीबों का निवाला छीन लिया है। इंडिगो जैसी घटना से लाखों प्रभावित हुए। जब-जब कोई घटना होती है तो ये दूसरे विषयों और मुद्दों से लोगों को भटकाते हैं। एआइआर पर अलग-अलग राज्यों में जहर उगला जा रहा है। बॉर्डर तो भारत सरकार के जिम्मे है।

अनुपूरक बजट व्यवस्था भी और आवश्यक भीः सीएम ने कहा कि अनुपूरक बजट व्यवस्था भी है और आवश्यक भी। सरकार नियम संगत कार्य करती है। छोटा सत्र है लेकिन हर छोटा चीज बड़ा हो सकता है। विपक्ष का आचरण अखबार में छपने और सदन को बाधित करने का रहा है। सदन में सवाल होते। सरकार उनके सवालों का जवाब बहुत संतुष्टि से दे सकती है।

## पति के अपहरण के शक में पत्नी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**संवाददाता**

**बोकारो :** जिले के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-8ए की रहने वाली अमृता सिंह ने अपने पति जयंत कुमार के अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

न तो उनके पति और न ही वह गाड़ी कहीं दिखाई दीः हरला थाना प्रभारी खुर्शीद आलम ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच कई पहलुओं से की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिन नामों का उल्लेख किया गया है, उनकी सत्यता को तार-तार करने की कोशिश कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने जल्द ही घटना की तह तक पहुंचने का भरोसा दिया है। अपहृत की पत्नी अमृता ने बताया कि बुधवार रात लगभग 10 बजे, जब उनके पति सिगरेट लेने मोड़ की ओर गए थे, तब वह छत से उन्हें आते देख रही थीं। उसी समय सड़क किनारे एक सफेद रंग की



कार और कुछ मोटरसाइकिलें खड़ी देखीं। थोड़ी देर बाद जब जयंत वापस नहीं लौटे तो अमृता नीचे उतरीं, लेकिन न तो उनके पति और न ही वह गाड़ी कहीं दिखाई दी।

पति और पूरे परिवार को जान से मारने की दी धमकी :अमृता का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने उनके पति को जबरन कार में बैठाकर अपहरण कर लिया है। उन्होंने बताया कि 8 दिसंबर को जयंत के मोबाइल पर एक व्यक्ति, जिसे उन्होंने विनोद खोपड़ी बताया, की ओर से धमकी भरा फोन आया था। फोन पर उनके पति और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकियों के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। अमृता ने कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम भी पुलिस को संदिग्ध बताया।

## झारखंड में सर्दी का सितम 3.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा कांके का पारा

**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में तो शीतलहर ने आमजनों की परेशानी बढ़ा दी है।उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा जबकि कहीं-कहीं शीतलहर का असर देखने को मिला। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का तो सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस कांके का रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 24.1 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान में बताया गया कि राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

इसके बाद अगले चार दिनों तक



यानी 13, 14, 15 और 16 दिसंबर को न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे ठंड से कुछ राहत मिलेगी। 16 दिसंबर तक राजधानी समेत पूरे राज्य में सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि पूरे राज्य में उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ गया है, जिससे उत्तर और उत्तर-पश्चिमी जिलों में ठिठुरन और तेज हो गई है। राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में भी कनकनी बढ़ने लगी है। अहले सुबह और देर रात ठंड का असर बढ़ने लगा है और लगातार गिर रहे तापमान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं।

बताया गया कि राज्य में ठंड में उतार चढ़ाव का दौर अगले एक सप्ताह तक चलता रहेगा। बता दें कि गुरुवार को कांके का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कांके क्षेत्र में शीतलहर ने दस्तक दे दी है। तापमान में आई इस गिरावट के कारण सुबह और रात में कड़ाके की ठंड महसूस की गई।मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में वर्षा शून्य दर्ज की गई, जिससे वातावरण में शुष्कता बनी हुई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि न्यूनतम तापमान में आई गिरावट शीतलहर के प्रभाव को दशार्ती है। अचानक बढ़ी ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोग अलाव, ऊनी वस्त्रों तथा गरम पेय का सहारा लेते नजर आ रहे हैं।

## जर्जर सड़क बनी हादसे की वजह वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से लेकर पलामू जिले के पांकी तक की जर्जर सड़क की स्थिति लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनी हुई है। टूटे हुए रास्ते,जगह-जगह गड्ढे और पत्थरों से भरी सड़कें आए दिन हादसों को दावत दे रही हैं। गुरुवार को इसी बदहाल सड़क व्यवस्था का खामियाजा एक वृद्ध महिला को भुगतना पड़ा। जानकारी के अनुसार हुटरू गांव निवासी सोहरी देवी मंधनियां पंचायत मुख्यालय में एटीएम, बीटीएम के द्वारा वितरण किए जा रहे सरसों का बीज लेने गई थीं, वापसी के दौरान हादसे का शिकार हो गईं।वह किसी मोटरसाइकिल चालक से लिफ्ट लेकर घर लौट रही थीं। मंधनियां घाट के पास



सड़क पर बने गहरे गड्ढों और उखड़े हुए रोड़ों की वजह से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई और सोहरी देवी जोरदार तरीके से सड़क पर गिर पड़ीं।हादसे में उसके सिर,नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क की बदहाली के कारण आए दिन लोग घायल हो रहे हैं,लेकिन सुधार के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है।ग्रामीणों ने पूछा कि आखिर कब तक आम लोगों को इस जर्जर सड़क का शिकार बनना पड़ेगा।उनका कहना है कि नेता,मंत्री,सांसद,विधायक और जिला स्तरीय अधिकारी केवल वादों तक ही सीमित हैं।जबकि जमीनी हकीकत यह है कि सड़कें रोजाना लोगों की जान जोखिम में डाल रही हैं।ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है ताकि और हादसों को रोका जा सके।

## सामूहिक कल्याण को लेकर 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**संवाददाता**

**चतरा :** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के मंधनियां गांव में सामूहिक कल्याण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।गांव में विश्वकर्मा परिवार की अगुवाई में 108 हनुमान चालीसा पाठ तथा हनुमंत पूजा का विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस धार्मिक आयोजन में गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा।कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वकर्मा परिवार के बिनोद विश्वकर्मा, बिनय विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा और पिंटू विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया।आयोजन के आचार्य अमित मिश्रा ने बताया कि हनुमान चालीसा के 108 पाठ से गांव में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार होता है।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन किया और हवन-पूजन के माध्यम से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की स्थानीय ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को समाज में एकजुटता और आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वकर्मा परिवार तथा सभी श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

## बच्चेदानी का ऑपरेशन करवाने बिहार गई महिला की मौत

### परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**चतराः** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गेंजना पंचायत के नावाडीह गांव निवासी नकुल कुमार यादव के 25 वर्षीय पत्नी कविता देवी की झारखंड बिहार बॉर्डर गया जिले के बहेरा थाना क्षेत्र के गोसाईडीह, रानीचक में स्थित मां लक्ष्मी क्लिनिक में ईलाज के दौरान बुधवार की शाम मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने क्लिनिक में जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से महिला कि मौत हुई है। इधर महिला का शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया, परिजनों के चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि मृतका की दो नन्हे - नन्हे बच्चें हैं। बेटा आयुष की उम्र 5 वर्ष जबकि बेटी की उम्र तीन माह है। परिवार और रिश्तेदारों के अनुसार इस घटना ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। पति नकुल यादव ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन अब पत्नी की मृत्यु के बाद दोनों बच्चों की परवरिश की चिंता सताने लगी है। दोनों मासूम बच्चे लगातार अपनी मां को पुकारते हुए रो रहे हैं।

जानिए पूरा मामलाः दरअसल,



हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के गेंजना नावाडीह गांव निवासी नकुल यादव की 25 वर्षीय पत्नी कविता देवी के बच्चेदानी का आपरेशन करवाने के लिए बुधवार को परिजन झारखंड- बिहार बॉर्डर पर स्थित गया जिले के बहेरा थाना क्षेत्र के गोसाईडीह रानीचक मां लक्ष्मी क्लिनिक डॉक्टर सुमित्रा भारती के पास पहुंचे थे।उसके बाद डॉक्टर के द्वारा आवश्यक जांच के बाद आपरेशन की प्रक्रिया बुधवार दोपहर करीब 1 बजे पूरी की गई। लेकिन ऑपरेशन के बाद महिला को होश ही नहीं हुआ। जिसके बाद परिजन बार बार वहां उपस्थित डॉक्टर और नर्स में पहुंचने लगे कि इतना देर के बाद भी क्यों होश नहीं आ रहा है? डॉक्टर के द्वारा आश्वासन दिया जा रहा था कि होश जल्द ही आ जाएगा। शाम करीब 5 बजे फि र महिला को एक इंजेक्शन दिया गया। लेकिन फिर भी होश नहीं आया। जिसके बाद डॉक्टरों ने उस महिला को स्कॉर्पियो वाहन में लादकर गया रेफर कर दिया। जहां महिला की मौत हो गई। वहीं झोलाछाप डॉक्टर वहां से चंपत हो गए। जिसके बाद परिजन क्लिनिक परिजन जमकर हंगामा करने लगे। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर लोगों ने बवाल काटना शुरू कर दिया। परिजन ने बताया कि महिला बिल्कुल ठीक-ठाक थी। वह एक सामान्य आदमी की तरह चलकर क्लीनिक पर आई थी, लेकिन ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टर की लापरवाही की वजह से महिला की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बहेरा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि डॉक्टर फरार हैं वहीं प्रशासन ने क्लिनिक को सील कर दिया है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# अनिल शर्मा की समय से पूर्व रिहाई की मांग को लेकर दायर याचिका खारिज

- रांची जेल में कैदी भोमा सिंह की हत्या से जुड़े मामले में सजा काट रहा है अनिल शर्मा
- स्वास्थ कारणों से रिहाई की गुहार लगाई थी अनिल शर्मा ने

**मेट्रो रेज**




**रांची :** राजधानी रांची के कुख्यात अपराधी अनिल शर्मा को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने अनिल शर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें समय पूर्व रिहाई का आग्रह किया गया था। ज्ञात हो अनिल शर्मा रांची जेल में कैदी भोमा सिंह की हत्या से जुड़े मामले में सजा काट रहे हैं। इस मामले में अनिल शर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वह 28 साल से जेल में हैं और उसने अपनी रिहाई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। यह मामला 22 जनवरी 1999 का है, जब अनिल शर्मा ने रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद रहते हुए अन्य अपराधियों के साथ मिलकर कैदी भोमा सिंह की हत्या कर दी थी। अनिल शर्मा को दिल की बीमारी है और उन्होंने स्वास्थ कारणों से भी अपनी रिहाई की गुहार लगाई थी। लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

# रेल मंत्री से मिले संजय सेठ, रांची में रेल सुविधाओं के विस्तार की रखी मांग

वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर झारखंड को मिल सकती है अच्छी खबर

**संवाददाता**



**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रांची को मिल रही रेल परियोजनाओं के लिए रेल मंत्री को धन्यवाद दिया। साथ ही रांची में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग की और आग्रह पत्र भी सौंपा। संजय सेठ ने रेल मंत्री को बताया कि रांची से हर दिन बड़ी संख्या में लोग अलग-अलग शहरों की यात्रा करते हैं। लेकिन कई महत्वपूर्ण शहरों से सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में नई ट्रेनों के परिचालन और मौजूदा ट्रेनों के फेरे बढ़ाने की जरुरत है।

श्री सेठ ने रांची-आनंद विहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12825/12826) को जयपुर तक बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड और राजस्थान के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही, रांची-अहमदाबाद के लिए नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का भी प्रस्ताव रखा, जिससे देश के कई अन्य राज्यों से आने-जाने वाले यात्रियों को लाभ होगा। उन्होंने रांची-लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाने, रांची, सिल्ली, मुरी के लिए नई मेमू ट्रेन चलाने, और हटिया-सांकी पैसेंजर/एक्सप्रेस (58663/58664/58665/58666) का विस्तार बरकाकाना-हजारीबाग टाउन तक करने का अनुरोध भी किया।

## लोकतंत्र बचाने का आगाज है वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली: सुबोधकांत सहाय

- 14 दिसंबर को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में प्रस्तावित है रैली

**मेट्रो रेज**



**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 14 दिसंबर (रविवार) को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में प्रस्तावित वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली लोकतंत्र बचाने का आगाज है। देश के लोकतंत्र पर मंडराते खतरे से बचाव के लिए इस रैली के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा। श्री सहाय ने कहा कि इस रैली के माध्यम से निर्वाचन आयोग की भूमिका पर उठ रहे सवालों को लेकर पूरे देश में एक अहम संदेश संप्रेषित होगा। रैली से यह संदेश भी जाएगा कि भाजपा किस प्रकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर मतदाताओं के साथ अन्याय कर रही है। चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को दरकिनार कर भाजपा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के प्रति तत्परता नहीं दिखा रही है। भाजपा द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन किया जा रहा है।

श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह रैली ऐतिहासिक होगी और देश की जनता के बीच एक महत्वपूर्ण संदेश जाएगा कि भाजपा किस प्रकार स्वस्थ और समृद्ध लोकतंत्र को ध्वस्त करने पर आमादा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनों से भी अधिक से अधिक संख्या में इस रैली में भाग लेने की अपील की।

## झारखंड पुलिस हाउसिंग के मुख्य अभियंता से मिला एकता कमेटी का प्रतिनिधि मंडल

**मेट्रो रेज**



**रांची:** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची का एक प्रतिनिधिमंडल गुलाम मुस्तफा की अध्यक्षता में झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता जयप्रकाश सिंह से मिला । इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हिंदपीढ़ी , गोंदा तथा लोअर बाजार थाना का आधा हिस्सा नहीं बना है बनाने की अपील की । इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने बुके देकर तथा बुलंद अख्तर ने माला पहना कर व चुनरी ओढ़ा कर जेपी सिंह को सम्मानित किया । इस अवसर पर मुख्य अभियंता जयप्रकाश सिंह ने कहा के हिंदपीढ़ी थाना के लिए जमीन नहीं मिल रही है । जहां पर अभी हिंदपीढ़ी थाना चल रहा है वह जगह किराए पर है। उसको हम लोग बना नहीं सकते कोशिश में लगे हुए हैं कि कहीं जगह मिल जाए । और भी जो थाना अभी नहीं बना है हम लोग प्रयास में लगे हुए हैं जल्द से जल्द उसे बनाया जाये। इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने कहा कि जयप्रकाश सिंह हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक रहे हैं। मोहर्रम के शुभ अवसर पर भी इनके घर परिवार वाले मोहर्रम के अखाड़ा का हमेशा स्वागत करते रहे हैं और जयप्रकाश सिंह सर ताजिया भी उठाते थे । यह बहुत बड़ी खुशी की बात है और बेशक जयप्रकाश सिंह के दिल में कभी भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रहा है सभी को एक समान देखते हैं और सभी को शुरू से साथ दिया है। आज के प्रतिनिधि मंडल में मोहम्मद अशफाक और मोहम्मद टीपू रामेश्वर राम उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक आईपीएस सहित 9 अधिकारी प्रतिनियुक्त

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस के आईजी प्रशिक्षण के अनुरोध पर श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक आईपीएस सहित कुल नौ पुलिस अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। यह प्रशिक्षण जेपीएससी 2023 के माध्यम से चयनित कुल 342 पदाधिकारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 दिसंबर से शुरू होगा, जो 28 दिसंबर तक चलेगा। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को 15 दिसंबर तक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में अपना योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेल्वे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार)–37–2025–26, **कार्य का नाम** : अजमेर डिवीजनः अजमेर डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर आरडीएसओ टीएएन 3009 के संबंध में एएफडीएएस (स्वचालित अग्नि पहचान और अलार्म प्रणाली) के विभिन्न घटकों/भागों का संवर्धन और रखरखाव। **अनुमानित लागत** : रूपये 33707195.69, **बयाना राशि** : रूपये 318500.00, ई–निविदाये खोलने की तिथि व समय **दिनांक 07.01.2026 को 15.30 बजे**। उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट का पता **www.ireps.gov.in.**

1599-AJ/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करे


## विद्या विकास समिति की टीम ने शिशु विद्या मंदिर का किया निरीक्षण

**संवाददाता**




बेड़ोः विद्या विकास समिति झारखंड के टीम ने गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने भैया-बहनों के आगमन से लेकर कक्षा, शिक्षण, मध्यावकाश व समापन वंदे मातरम तक जायजा लिया। रांची विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय ने आचार्यों को शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन टीएलएम का उपयोग करने को कहा। विज्ञान शिक्षण में लैब का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की बात कही। शिशु वाटिका कक्ष से ही सुलेख पर विशेष ध्यान देने, अंग्रेजी स्पोकेन को बेहतर करने के लिए विद्यालय के परिसर में अंग्रेजी में ही बातचीत करने का निर्देश दिया। मौके पर बीजूपाड़ा के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, काठीटांड़ के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव बाणी कुमार रॉय, जगन्नाथ भगत, यमुना कुमार सिंह, भिखा उरांव, रवींद्र वर्मा, प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार व अन्य उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

अल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–29/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 26/12/2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27/12/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27/12/2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of False Ceiling in Judicial officer's Chamber & other of the Stenographers of Civil Court, Ramgarh | 6,05,000/- | 12,500/- | 1,250/- | 2 माह |
| 2 | Construction of GCI Sheet from main gate to building entrance in Civil Court, Ramgarh | 24,75,800/- | 50,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 3 | Construction of Additional Video Conference room in Civil Court, Ramgarh | 14,62,700/- | 30,000/- | 2,500/- | 2 माह |
| 4 | Repair of D Type Qtr. (Judiciary Block -D) Ramgarh | 41,36,200/- | 83,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 5 | Repair of P.O Qtr. Block -A (One Block 4 Unit) Ramgarh | 27,46,700/- | 55,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 6 | Repair of Judiciary P.O Qtr. Block -B (One Block 4 Unit) Ramgarh | 27,47,800/- | 55,000/- | 5,000/- | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, रामगढ़

PR 368280 Building (25-26)_D


# गायत्री परिवार का चलें गांव की ओर ग्राम तीर्थ योजना का 22वां क्रम संपन्न

**मेट्रो रेज**



**रांची :** गायत्री परिवार रांची युगतीर्थ शक्तिपीठ सेक्टर टू के तत्वावधान में 18 से अधिक सक्रिय भाई -बहनों ने मिलकर मोरहाबादी के चिरौंदी गांव एवं आस-पास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर संपर्क किया तथा शांतिकुंज हरिद्वार का संदेश विचार क्रांति अभियान, मानव में देवत्व और धरती पर स्वर्ग का अवतरण का संदेश बताते हुए गुरुदेवश्री द्वारा रचित युगसाहित्य में अखंड ज्योति पत्रिका,प्रज्ञा अभियान पाक्षिक, हारिए न हिम्मत,गायत्री चालीसा, सनबोर्ड पर लगा देव स्थापना का चित्र को प्रत्येक घर में उस साहित्य का महत्व बताते हुए प्रदान किया।इस कार्यक्रम आयोजन में गांव के 65 से अधिक घरों में संपर्क किया गया। गांव में 100 सार्वजनिक जगहों पर सद्ववाय स्टीकर लगाया गया। इसमे रांची जिला की महिला युवा समन्वयक सुलोचना शाहदेव एवं कांके प्रखंड समन्वय समिति की महिला मुख्य समन्वयक रेणु श्रीवास्तव ,सहायक समन्वयक सदस्य और अनेक महिलामंडल सदस्यगणों ने इस तरह से अब तक संपर्क किए गए गांव की संख्या 22, कुल संपर्क किए गए घरों की संख्या 2270,सभी गांव में लगाए गए कुल सदवाक्य स्टीकर का संख्या 1440, गांवों में किए गए दीवार लेखन का संख्या 244 बताया और ग्राम तीर्थ योजना के अंतर्गत अब तक 65 लोग अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना के पाठक बन चुके हैं। गुरुवार दोपहर कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री महामंत्र का सस्वर पाठ, नारा जयघोष व समापन संध्या वंदन से हुआ।

## रिम्स डीआईजी ग्राउंड से हटाया गया अतिक्रमण, विरोध में उतरे लोग

**रांची:** रिम्स परिसर को अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर गुरुवार को प्रशासन ने अभियान तेज किया, लेकिन कार्रवाई के दौरान डीआईजी ग्राउंड इलाके में भारी विरोध देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुटे थे। बरियातू थाना प्रभारी, दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी के बीच जैसे ही टीम आगे बढ़ी, ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का साफ कहना था कि पहले बड़ी-बड़ी इमारतें तोड़ी जाएं, उसके बाद हम खुद हट जाएंगे। मौके पर तनाव तब बढ़ गया जब प्रशासन ने मसना स्थल की घेराबंदी की गई बाउंड्री का एक हिस्सा ढहा दिया। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और कुछ देर के लिए स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिखी। हालांकि, पुलिस और दंडाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद हालात संभाल लिए गए। मालूम हो कि अब शुक्रवार को डीआइजी क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया जाएगा, जिसमें पक्के मकानों को तोड़ा जाएगा। अब प्रशासन की ओर से कड़ी तैयारी की जा रही है। विवाद के बीच यह भी साफ दिखा कि प्रशासन ने डीआइजी ग्राउंड में बने किसी भी पक्के निर्माण को नहीं छुआ। कोर्ट के आदेश के बावजूद यहां केवल एक रिक्शा गैरेज जैसे कच्चे निर्माण को हटाकर औपचारिक कार्रवाई कर दी गई। जबकि इसी इलाके में कई पक्के अवैध मकान मौजूद हैं और रिम्स की कुल लगभग नौ एकड़ जमीन पर अतिक्रमण बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन कमजोर पक्ष पर कार्रवाई कर रहा है, जबकि बड़े स्तर के अवैध कब्जे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उधर, यह पूरा घटनाक्रम उस समय हुआ जब अदालत ने दो दिन पहले ही रिम्स प्रशासन और जिला प्रशासन को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया था कि परिसर से सभी अतिक्रमण 72 घंटे के भीतर हटाए जाएं। इससे पहले भी प्रशासन अचानक अभियान शुरू कर पीछे हट गया था, जिसके बाद कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। मंगलवार की कार्रवाई इसी दबाव में की गई, लेकिन स्थानीय विरोध और रणनीति की कमी के कारण प्रशासनिक कोशिशें अधूरी रह गईं। रिम्स परिसर में अतिक्रमण वर्षों से बड़ा मुद्दा रहा है, जहां मंदिर, दुकानें, घर, गैराज, अस्थायी शेड और कई पक्के निर्माण खड़े हैं। प्रशासनिक ढिलाई और राजनीतिक-सामाजिक हस्तक्षेप के कारण अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद मंगलवार का अभियान यह बता गया कि रिम्स की जमीन को पूरी तरह मुक्त कराना जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**

(जिला खेल शाखा)

दूरभाष : ............................ Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के ज्ञापांक 952 दिनांक 08.12.2025 के निदेशानुसार स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर दिनांक 12 जनवरी, 2026 को आयोजित **राष्ट्रीय युवा महोत्सव (National Youth Festival)** अन्तर्गत जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम/प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित तिथि, समय एवं आयोजन स्थल निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता का नाम | आयु वर्ग | तिथि एवं समय | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सामूहिक लोकनृत्य | 15 से 29 (As on 1st September, 2025) (पुरूष एवं महिला) | 19.12.2025 प्रातः 09.00 बजे से | महार्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, (कोठार) रामगढ़ |
| 02 | सामूहिक लोकगीत | | | |
| 03 | कविता लेखन | | | |
| 04 | चित्रकला (थीमः–नशा मुक्त युवा या स्वस्थ जीवन शैली के लिए युवा) | | | |
| 05 | भाषण (थीमः–भारत में आपादकालीन अवधि और संविधान का उल्लंघन एवं लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मुल्यों का रक्षा) | | | |

**नियम एवं शर्तें :–**

1. सामूहिक लोकनृत्य/लोकगीत में अधिकतम 06 से 10 प्रतिभागी प्रति टीम एवं गायन/बाजन हेतु अधिकतम 03 (कुल 10+3) ही भाग लेंगे।
2. उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियो के साथ मैनेजर एवं इन्चार्ज भेजना अनिवार्य है। महिला प्रतिभागी के साथ महिला मैनेजर या इन्चार्ज अनिवार्य है।
3. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा प्रतिभागियों को Google Link-https://form.svhrt.com/693a72d27191b6b1d8e53e2c पर **दिनांक 16.12.2025 के अप0 05.00 तक** रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है, साथ ही खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित Mybharat Portal (https://mybharat.gov.in) पर भी पंजीकरण करना अनिवार्य है।
4. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ही प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के भेजा जायेगा।
5. प्रत्येक आयोजन के लिए तीन सदस्य निर्णायक मंडल में शामिल होंगे।
6. इच्छुक युवा प्रतिभागी किसी एक ही कार्यक्रम/प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ से प्रकाश महतो, मोबाईल नं0–8709816456, जिला युवा भारत कार्यालय, रामगढ़ के महेश प्रसाद, मोबाईल नं० 9801121528, एवं नितेश कुमार मोदी, मोबाईल नं० 9135973356 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
**जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,** रामगढ़।

PR 368326 (District) 25-26 (D)

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## भारत की आर्थिक विकास दर ने पूरे विश्व को चौंकाया

वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5.6 प्रतिशत रही थी। विशेष रूप से विनिर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में वृद्धि दर अतुलनीय रही है। विनिर्माण के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर रही थी जो वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में बढ़कर 9.1 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार, सेवा क्षेत्र में भी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत की रही है। वित्तीय, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं में तो वृद्धि दर बढ़कर 10.2 प्रतिशत (पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.2 प्रतिशत) एवं जन प्रशासन, डिफेंन्स एवं अन्य सेवाओं में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत (पिछले वर्ष 8.9 प्रतिशत) की रही है। व्यापार, होटल, यातायात एवं कम्यूनिकेशन में भी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (पिछले वर्ष 6.1 प्रतिशत)। केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं डिफेन्स के क्षेत्र में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कृषि क्षेत्र में जरूर वृद्धि पिछले वर्ष 4.1 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई है एवं कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में भी वृद्धि दर पिछले वर्ष 8.4 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 7.2 प्रतिशत रही है। जैसे ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हुए कुछ मूर्धन्य पत्रकार तुरन्त अपने आंकलन के साथ मीडिया में उपस्थित हो गए एवं अपनी प्रतिक्रिया में यह बताने का प्रयास करने लगे कि भारत की आर्थिक विकास दर तो इतनी तेज गति से आगे बढ़ ही नहीं सकती। क्योंकि, वैश्विक स्तर पर इतनी विपरीत परिस्थितियों के बीच एवं विकसित देशों में विकास की धीमी दर एवं कुछ देशों में तो विकास दर के ऋणात्मक रहने के चलते (डएउऊ देशों की आर्थिक विकास दर 2 प्रतिशत के भी नीचे है), भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के ऊपर कैसे रह सकती है। साथ ही, विभिन्न वित्तीय संस्थानों यथा, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, विश्व व्यापार संगठन के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान जताया था। फिर, भारत की आर्थिक विकास इस अवधि में 8.2 प्रतिशत कैसे रह सकती है? हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने भारत में आर्थिक क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। इन सुधार कार्यक्रमों का असर अब भारत की आर्थिक विकास दर में तेजी के रूप में दिखाई देने लगा है। आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू किया जा चुका है। भारत में 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों को (लगभग 10 प्रतिशत तक) कम कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों (रेपो दर) में एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है एवं दिसम्बर 2025 माह में 25 आधार बिंदुओं की एक और कटौती की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भारत की मातृशक्ति के बैंक खातों, किसानों के बैंक खातों एवं गरीब वर्ग के बैंक खातों में सीधे ही सहायता की राशि जमा की जा रही है। साथ ही, भारत के लगभग 65 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त उपायों का स्पष्ट असर यह हो रहा है कि भारत के दूर दराज इलाकों में निवासरत गरीब वर्ग के हाथों में सीधे पैसा पहुंच रहा है, जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ रही है एवं वे इस पैसे से कई प्रकार के उत्पादों का सेवन करने लगे हैं और जिससे अंततः देश में इन उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में निजी उपभोग भी वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही के 4.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में 8 प्रतिशत से बढ़ा है। साथ ही केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों में भी 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिससे रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं एवं उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है।

उक्त कारणों के साथ ही, भारत में धार्मिक पर्यटन में भी भारी वृद्धि हुई है। अब, कई श्रद्धालु परिवार भारत के अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु प्रति माह लाखों की संख्या में पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार, वाराणसी स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर, उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर, जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर, दक्षिण में भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर, ओड़िसा के पुरी में स्थित मंदिर, उत्तराखंड स्थित गंगोत्री, यमुनोत्रि, केदारनाथ मंदिर, बद्रीनाथ मंदिर आदि मंदिरों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने हेतु पहुंच रहे हैं। हाल ही में प्रयागराज में सम्पन्न हुए कुम्भ के मेले में तो 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश विदेश से पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने हेतु पहुंचे थे। इसी प्रकार, भारत की एक और विशेषता है कि यहां विभिन्न त्यौहारों को बड़े ही उत्साह से भाई-चारे के साथ मनाया जाता है। दीपावली का पावन पर्व एवं दीपावली के आसपास के समय में कई त्यौहार श्रद्धापूर्वक मनाए जाते हैं एवं इन त्यौहारों पर समाज में परिवारों द्वारा लाखों करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। इस वर्ष एक आकलन के अनुसार दीपावली के पावन पर्व एवं दीपावली के समय के आसपास के समय में मनाए गए विभिन्न त्यौहारों पर 6 लाख करोड़ रुपए के विभिन्न उत्पादों की बिक्री भारत में हुई है। फिर, शादियों का मौसम भी प्रारम्भ होता है जिसमें करोड़ों की संख्या में विवाह समारोह सम्पन्न होते हैं, इन विवाह समारोहों में भी लाखों करोड़ रुपए का खर्च भारतीय समाज द्वारा किया जाता है। इन कारणों के चलते भी भारत में हाल ही के समय में उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। जिससे, अंततः इन उत्पादों का निर्माण भी भारत में होने लगा है तथा विनिर्माण के क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। दरअसल, विदेशी वित्तीय संस्थान भारत की संस्कृति से पूर्णत अनभिज्ञ हैं एवं पश्चिमी देशों की संस्कृति के अनुसार विकसित किए गए मॉडल से भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगा रहे हैं। इन मॉडल के अनुसार जहां, इन विभिन्न विदेशी वित्तीय संस्थानों द्वारा 6 से 7 प्रतिशत के बीच की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया जाता है वहीं भारत की आर्थिक विकास दर अब 8 प्रतिशत की दर को भी पार करती हुई दिखाई दे रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इन वित्तीय संस्थानों के आंकलन में इतना भारी अंतर सोच का विषय है। अब भारत के आर्थिक विकास के सम्बंध में अनुमानों को आंकने के लिए भारतीय मॉडल ही विकसित करने की आवश्यकता है। वरना, इसी प्रकार की गलतियां इन विदेशी वित्तीय संस्थानों द्वारा की जाती रहेंगी एवं भारत में कुछ विघ्न संतोषी पत्रकार इसी प्रकार देश के आर्थिक विकास की दर पर अपनी शंका-कुशंकाओं को समाज के बीच में लाते रहेंगे और गलत विमर्श खड़ा करने का प्रयास करते रहेंगे। हां, भारत में ऐसे कुछ क्षेत्र जरूर हैं जिनमे विकास दर को गति देने के प्रयास किए जाने चाहिए। जैसे, भारत में खदानों से उत्पादन में वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, पिछले वर्ष भी इसी अवधि में 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई थी। जब देश में विनिर्माण के क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा रही है तो फिर खदानों से उत्पादन क्यों नहीं बढ़ना चाहिए? इसका आशय कहीं यह तो नहीं कि हम कच्चे माल की जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करने का प्रयास कर रहे हों। इस बीच भारत में आयात की मात्रा में भी भारी वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर कुछ धीमी रही है।

# भारतीय रुपए का अवमूल्यन विमर्श का नया अवसर

**भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बावजूद कुछ वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम रुपए पर नकारात्मक दबाव बना रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है ट्रम्प प्रशासन द्वारा वैश्विक व्यापार पर बढ़ाया गया टैरिफ दबाव। अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू किए हैं, और भारत से होने वाले कुछ विशेष निर्यातों जैसे रेडीमेड गारमेंट्स, कृषि व लेदर उत्पाद, समुद्री जीव उत्पाद तथा जेम्स एवं ज्वेलरी पर तो 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया गया है।**

**प्रहलाद सबनानी**

माह जनवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में भारतीय रुपए का मूल्य 85.79 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर था, किंतु 3 दिसम्बर 2025 तक रुपए का मूल्य लगभग 5 प्रतिशत गिरकर 90.19 रुपए प्रति डॉलर हो गया। यह गिरावट हाल के समय की सबसे बड़ी दर्ज गिरावटों में से एक है। आश्चर्य की बात यह है कि जब भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के कई संकेत दे रही है, जैसे वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत के आठ-तिमाही उच्च स्तर पर पहुँचना और खुदरा मुद्रास्फीति का मात्र 0.25 प्रतिशत के निम्न स्तर पर आ जाना, तब भी एशियाई देशों में मुद्रा अवमूल्यन की दृष्टि से भारतीय रुपया सबसे तेज गिरावट वाला दिखाई दे रहा है। इसका स्पष्ट संकेत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बावजूद कुछ वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम रुपए पर नकारात्मक दबाव बना रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है ट्रम्प प्रशासन द्वारा वैश्विक व्यापार पर बढ़ाया गया टैरिफ दबाव। अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू किए हैं, और भारत से होने वाले कुछ विशेष निर्यातों जैसे रेडीमेड गारमेंट्स, कृषि व लेदर उत्पाद, समुद्री जीव उत्पाद तथा जेम्स एवं ज्वेलरी पर तो 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप भारत से इन उत्पादों का निर्यात प्रभावित हुआ है और डॉलर का अंतरप्रवाह कम हुआ है। हाल की तिमाही में भारत का कुल आयात 18,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर रहा जबकि निर्यात मात्र 10,500 करोड़ डॉलर रहा, जिससे 8,000 करोड़ डॉलर का भारी व्यापार घाटा बना। अक्टूबर 2025 में विदेशी व्यापार घाटा और बढ़कर 4,100 करोड़ डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुँच गया। व्यापार घाटे की यह वृद्धि भारत में अमेरिकी डॉलर की मांग को बढ़ाती है, जिससे रुपए पर अवमूल्यन का दबाव और तेज हो जाता है।

दूसरा बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी बाजार से तीव्र निवेश निकासी है। वर्ष 2025 में अब तक ऋक्क ने 1.48 लाख करोड़ रुपए अर्थात 1,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य का निवेश निकाल लिया है। वे यह धन डॉलर में ही निकालते हैं, जिससे बाजार में डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपए की कीमत और कमजोर होती जाती है। सामान्यतः दुनिया की अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मुद्रा को स्थिर एवं मजबूत बनाए रखने का प्रयास करती हैं ताकि विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़े, परंतु मुद्रा के अवमूल्यन का दूसरा पक्ष यह भी है कि इससे निर्यातकों को अधिक स्थानीय मुद्रा प्राप्त होती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है। हालांकि आयात महँगे हो जाते हैं और मुद्रास्फीति की आशंका उत्पन्न होती है, विशेषकर भारत जैसा देश जहाँ कच्चे तेल का भारी आयात होता है।

रुपए के तेज अवमूल्यन की स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक प्रायः हस्तक्षेप करते हुए बाजार में डॉलर की उपलब्धता बढ़ाता है। मध्य सितम्बर 2025 तक फ्इक 2,000 करोड़ डॉलर बाजार में जारी कर चुका था, परंतु हाल के समय में फ्इक द्वारा कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं किया गया। इसका उद्देश्य यह प्रतीत होता है कि वैश्विक व्यापार अस्थिरता की स्थिति में निर्यातकों को राहत देते हुए रुपए को कुछ समय कमजोर बने रहने दिया जाए। वैसे भी भारत के पास 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सुदृढ़ विदेशी मुद्रा भंडार है, जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त डॉलर उपलब्ध कराने में किया जा सकता है। किंतु दीर्घकाल में समाधान यही है कि भारत अपने आयात को कम करे, निर्यात में वृद्धि करे और विदेशी व्यापार घाटे पर नियंत्रण स्थापित करे।

भारत में सबसे अधिक आयात होने वाले दो प्रमुख उत्पाद कच्चा तेल और स्वर्ण हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विशेषकर सौर एवं पवन ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाना एक स्थायी समाधान है। केंद्र सरकार इस दिशा में लगातार कार्यरत है और उल्लेखनीय सफलता भी प्राप्त हो रही है। इसी प्रकार स्वर्ण आयात को कम करने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। यदि भारत कच्चे माल का अधिकाधिक घरेलू उत्पादन सुनिश्चित कर ले और उत्पादन लागत को कम कर ले, तो भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। उत्पादन की लागत को कम करने हेतु ब्याज दरों में कमी एक महत्वपूर्ण कदम होता है। इसी दिशा में भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 दिसम्बर 2025 को रेपो दर को 5.50 प्रतिशत से घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया। साथ ही, 21 नवम्बर 2025 से देश में लागू की गई चार श्रम संहिताओं वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 ने श्रम कानूनों की जटिलताओं को कम करके उन्हें अधिक कारगर बनाया है। इन चार संहिताओं द्वारा पूर्व में लागू 29 श्रम कानूनों को सरल, आधुनिक और प्रभावी बनाया गया है। इससे न केवल श्रमिकों को उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य परिस्थितियाँ मिलेंगी, बल्कि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा, जिससे उत्पादनशीलता में वृद्धि होगी और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ने से उत्पादन लागत घटेगी और भारतीय उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत होंगे। यह सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत को अपने विदेशी मुद्रा भुगतान संतुलन को संतुलित बनाए रखने के लिए धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देना चाहिए। धार्मिक पर्यटन विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाता है। सरकार द्वारा अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, माता वैष्णोदेवी, प्रयागराज, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री तथा अन्य धार्मिक नगरों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास ने विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित किया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर एवं संपूर्ण नगर के पुनर्विकास ने धार्मिक पर्यटन की नई सम्भावनाएँ खोली हैं। इन शहरों में श्रद्धालुओं, विशेषकर विदेशी पर्यटकों, की संख्या में भारी वृद्धि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए सकारात्मक साबित हो रही है।

समग्रतः देखा जाए तो कभी-कभी वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच देश अपनी मुद्रा को नियंत्रित रूप से अवमूल्यित होने देते हैं, क्योंकि इससे निर्यात बढ़ने में सहायता मिलती है और दीर्घकाल में यह कदम देशहित में उपयोगी सिद्ध होता है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रुपए का अवमूल्यन कई वैश्विक कारकों की उपज है, न कि भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत। यदि भारत निर्यात में वृद्धि, आयात में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, उत्पादन लागत में कमी तथा श्रम सुधारों के मार्ग पर आगे बढ़ता रहा, तो यह स्थिति भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का अवसर भी प्रदान कर सकती है।

# जब शिक्षा अभिभावक के लिए आर्थिक बोझ बन जाए, तब गहन विचार जरूरी

**बच्चों का भविष्य बदल सकती है। इस वर्ग की पहचान ही इसी उम्मीद से होती रही है कि भले ही आय सीमित हो और खर्च अधिक, किंतु बच्चों की शिक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। पर साल 2025 में सामने आए आंकड़े बता रहे हैं कि जिस शिक्षा को मध्यम वर्ग अब तक अपने सपनों की सबसे सुरक्षित सीढ़ी समझता आया है, वही सीढ़ी इतनी महंगी हो चुकी है कि लाखों परिवार उसके पहले पायदान पर पैर रखने से पूर्व ही हाँफने लगे हैं।**

**युगल किशोर शर्मा**

भारत का मध्यम वर्ग हमेशा से अनकहा विश्वास अपने दिल में सँजोए रखता है कि शिक्षा ही उसके बच्चों का भविष्य बदल सकती है। इस वर्ग की पहचान ही इसी उम्मीद से होती रही है कि भले ही आय सीमित हो और खर्च अधिक, किंतु बच्चों की शिक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। पर साल 2025 में सामने आए आंकड़े बता रहे हैं कि जिस शिक्षा को मध्यम वर्ग अब तक अपने सपनों की सबसे सुरक्षित सीढ़ी समझता आया है, वही सीढ़ी इतनी महंगी हो चुकी है कि लाखों परिवार उसके पहले पायदान पर पैर रखने से पूर्व ही हाँफने लगे हैं।

हाल ही में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की लिंक्डइन पोस्ट ने इस चिंता को और तेज कर दिया है। पोस्ट में बताया गया कि एक सामान्य, साधारण निजी स्कूल (किसी प्रीमियम इंटरनेशनल संस्था की बात नहीं) में पहली से बारहवीं तक पढ़ाई कराने में कुल खर्च 20 से 22 लाख रुपए तक पहुँच रहा है। यह राशि सिर्फ फीस नहीं है; इसमें किताबें, यूनिफॉर्म, ट्रांसपोर्ट, स्मार्ट-क्लास, ट्यूशन, गैजेट और आजकल हर घर में अनिवार्य बन चुकी ऑनलाइन शिक्षण सामग्री भी शामिल है। दूसरी ओर बात यदि प्रीमियम स्कूलों में किए जानेवाले खर्च की हो तो यह राशि 35 से 40 लाख तक पहुँच रही है। चर्टर्ड अकाउंटेंट और टीचर मीनल गोयल की इस लिंक्डइन पोस्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल (कक्षा 1-5) से 5.75 लाख रुपए, मिडिल स्कूल (कक्षा 6-8) से 5.9 लाख रुपए तथा हाई स्कूल (कक्षा 9-12) तक में 9.2 लाख रुपए, इस तरह से कुल खर्चः 20 से 22 लाख रुपए तक हो जाता है। यह एक ऐसा ग्राफ है जो हर साल ऊपर चढ़ रहा है और उस पर मध्यम वर्ग की कमाई का ग्राफ कहीं नीचे ठहर गया है। ऐसे में स्वाभाविक है कि चिंताएँ बढ़ेंगी। इन चिंताओ को राष्ट्रीय सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की साल 2024 की रिपोर्ट और भी वैधता देती है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले दस वर्षों में शहरी निजी स्कूलों की फीस में 169 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि सामान्य महंगाई दर से तो ऊपर है ही औसत वेतन वृद्धि को भी कई गुना पीछे छोड़ देती है। जब आय बढ़ने की रफ्तार 5 से 7 प्रतिशत हो और स्कूल फीस बढ़ने की रफ्तार 15 से 25 प्रतिशत तक पहुँच जाए तब इसका सीधा अर्थ है कि मध्यम वर्ग की आर्थिक नींव लगातार कमजोर होती जाएगी, जिसका कारण कहीं न कहीं अभिभावक का अपने बच?चों की पढ़ाई पर उठाया जा रहा व?यय है। दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में स्थिति और भी गंभीर है। कई अभिभावक बताते हैं कि स्कूल हर साल 10 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ा रहे हैं, जबकि कई स्कूलों ने 25 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है। दिल्ली सरकार ने निजी स्कूल फीस को नियंत्रित करने के लिए कई नियम बनाए, किंतु विद्यालयों ने उससे बचने के नए रास्ते निकाल लिए डेवलपमेंट फीस, इंफ्रास्ट्रक्चर फीस, एक्टिविटी फीस, टेक्नोलॉजी फीस, स्मार्ट-क्लास चार्ज और न जाने कितने नए नाम से धनराशि वसूली जा रही है। अभिभावक कहते हैं कि फीस कम हो भी जाए तो स्कूल अन्य शुल्क बढ़ा देता है, जिससे कुल राशि पहले से अधिक ही हो जाती है। कई बार तो ऐसा लगता है कि स्कूल बच्चों को पढ़ाने से ज्यादा सुविधाओं के नाम पर आय बढ़ाने में रुचि रखते हैं, जिन सुविधाओं का वास्तविक लाभ बच्चों तक पहुँच भी नहीं पाता। सबसे चिंताजनक स्थिति उन परिवारों की है जिन्हें कभी कल्पना भी नहीं थी कि उन्हें बच्चों की स्कूलिंग के लिए कर्ज लेना पड़ेगा, लेकिन आज यह वास्तविकता बन चुकी है। कई अभिभावक अपनी आय का 30 से 40 प्रतिशत सिर्फ स्कूल की फीस चुकाने में खर्च कर देते हैं। बाकी पैसा घर का किराया, मेडिकल खर्च और जरूरी चीजों में समेटना पड़ता है। कुछ परिवार अपनी जीवनशैली में बड़ी कटौतियाँ करने को मजबूर हो गए हैं; मनोरंजन, यात्राएँ, बचत, सबकुछ शिक्षा के नाम पर स्थगित कर दिया गया है। यहाँ तक कि ऐसे भी परिवार मिल रहे हैं जो बच्चों को स्कूल न भेजने या अपेक्षाकृत सस्ते विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। शिक्षा का महत्व उनके लिए कम नहीं हुआ लेकिन उसकी लागत अब उनकी ताकत से बाहर निकलने लगी है। यह स्थिति उस बिंदु पर पहुँची है जहाँ शिक्षा का सपना अब प्रेरणा नहीं बल्कि बोझ महसूस होने लगा है। ऐसे में स्वभाविक है कि इस आर्थिक दबाव का असर परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। माता-पिता साल भर ह्यअगले महीने की फीसह्ण के तनाव में जीते हैं। यह तनाव बच्चों तक पहुँचता है और घर का वातावरण प्रभावित करता है। चिंता की बात यह है कि यह समस्या सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं है। छोटे शहरों में भी निजी स्कूल फीस लगातार बढ़ा रहे हैं।

अंततः सवाल यह है कि यदि शिक्षा एक ऐसा आर्थिक बोझ बन जाए जिसके लिए परिवारों को कर्ज में डूबना पड़े या अपनी बुनियादी जरूरतों में कटौती करनी पड़े, तो इसे शिक्षा का विकास नहीं कहा जा सकता। यह सामाजिक असमानता के बढ़ने का संकेत है। जबकि शिक्षा वह सीढ़ी है जिस पर चढ़कर कोई भी परिवार अपनी आर्थिक और सामाजिक स्थिति बदल सकता है। लेकिन यदि वही सीढ़ी इतनी महंगी हो जाए कि मध्यम वर्ग उसका पहला पायदान भी न छू पाए तो यह परिवारों के लिए ही नहीं देश के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

अतः इस संबंध में अब यह आवश्यक हो गया है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें, भारत के नीति निमार्ता, शिक्षा विशेषज्ञ और समाज मिलकर यह सोचे कि शिक्षा को कैसे फिर से उसके मूल स्वरूप में लौटाया जाए, जहां वह सभी के लिए समान रूप से अपनी योग्यता और आर्थिक क्षमता के अनुसार सुलभ, समावेशी और सभी के लिए समान रूप से देने के लिए उपलब्ध हो सके। क्योंकि यदि शिक्षा ही हाथ से निकल जाए तो भविष्य का सपना भी धीरे-धीरे खोने लगता है। ऐसे में स्वभाविक तौर पर भारत के प्रत्येक मध्यमवर्गीय परिवार की ये गहरी चिंता है, जिसका समाधान हर हाल में निकलना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# शिवखोड़ी का रहस्य, जम्मू की गुफा में शिव का वास

आज भी माना जाता है कि भगवान शिव अपने परिवार के साथ कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। वहां पर भगवान शिव के साथ मां पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश रहते हैं। लेकिन एक मान्यता यह भी है कि भगवान शिव कैलाश पर्वत पर नहीं बल्कि जम्मू-कश्मीर की एक गुफा में रहते हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों में यह गुफा काफी ज्यादा प्रसिद्ध है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह गुफा भगवान भोलेनाथ का निवास स्थान है। इस गुफा को शिवखोड़ी के नाम से जाना जाता है। दरअसल यह एक गुफा नहीं बल्कि एक तरह की सुरंग लगती है। जिसके बारे में कहा जाता है कि इस गुफा का दूसरा छोर सीधा अमरनाथ की गुफा में जाकर खुलती है। जम्मू से करीब 140 किमी की दूरी पर ऊधमपुर नामक जगह पर भोलेनाथ की यह चमत्कारी गुफा स्थित है। शिवखोड़ी नामक इस गुफा के अंदर जाने की कोई भी हिम्मत नहीं करता है। तो आइए जानते हैं शिवखोड़ी गुफा के रहस्य और पौराणिक कथा के बारे में...

### शिवखोड़ी गुफा का रहस्य

यहां के स्थानीय लोगों की मानें, तो प्राचीन समय में इसी गुफा से होकर साधु-संत बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए जाते थे। लेकिन कलियुग में ऐसा कोई नहीं है, जो इस गुफा में प्रवेश करने की हिम्मत रखता हो। अगर कोई इस गुफा में जाए भी तो वह लौटकर वापस नहीं आता है। इस गुफा की एक खासियत और भी है, जो इसको बाबा अमरनाथ गुफा की तरह चमत्कारी बनाती है। जिस तरह से बाबा अमरनाथ की गुफा का शिवलिंग प्राकृतिक है, ठीक उसी तरह से शिव खोड़ी गुफा का शिवलिंग भी अपने आप बना है। इसको किसी ने बनाया नहीं है, लेकिन अंतर सिर्फ इतना है कि यह शिवलिंग बर्फ से नहीं बना है। यह शिवलिंग चट्टान द्वारा लिए गए आकार की वजह से बना है। जिसको लोग स्वयं भगवान शिव का आशीर्वाद मानकर इसकी पूजा-अर्चना करते हैं। भगवान भोलेनाथ का निवास कही जाने वाली शिवखोड़ी गुफा 3 मीटर ऊंची और 200 मीटर लंबी है। यह गुफा 1 मीटर चौड़ी और 2-3 मीटर ऊंची भी है। इसके साथ ही इस गुफा में कई प्राकृतिक चीजें जैसे मां पार्वती की मूर्ति और नंदी की मूर्ति है। वहीं इस गुफा के छत पर सांप की आकृति भी बनी हुई है।

### पौराणिक कथा

इस पवित्र गुफा शिवखोरी से जुड़ी एक पौराणिक कथा भी है। मान्यता के अनुसार, इस गुफा को भगवान शिव ने स्वयं बनाया था। कथा के मुताबिक भस्मासुर राक्षस ने कठिन तपस्या करके भगवान शिव को प्रसन्न किया था। इसके बाद भस्मासुर ने भगवान शिव से यह वरदान पाया कि वह जिसके भी सिर पर हाथ रखेगा, वह भस्म हो जाएगा। भगवान शिव ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसको वरदान दिया, लेकिन वह भस्मासुर की अगली मंशा से अवगत नहीं थे। वरदान मिलते ही भस्मासुर ने भगवान शिव के सिर पर हाथ रखकर उनको भस्म करना चाहता था। जिसके बाद भोलेनाथ और भस्मासुर में भीषण युद्ध हुआ। युद्ध के बाद भी जब भस्मासुर ने हार नहीं मानी, तो भगवान शिव वहां से निकलकर ऊंची पहाड़ी पर पहुंचे और वहां पर एक गुफा बनाकर उसमें छिप गए।

## टिप्स

### गले की जलन का देसी इलाज है पान का पत्ता,

जब दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का लेवल तेजी से बढ़ता है। तब सबसे पहला असर सांसों, गले और फेफड़ों पर महसूस होता है। हवा में मौजूद धूल, हानिकारक कण और धुआं गले में खराश, जलन, सूखापन और खांसी को बढ़ा देता है। ऐसे समय में आयुर्वेद याद दिलाता है कि हर समस्या का इलाज सिर्फ दवा से नहीं बल्कि कई बार प्राकृतिक चीजों से भी होता है। वहीं हमारे पूर्वजों ने जिन पत्तियों पर भरोसा करते हैं, उनमें पान का पत्ता सबसे अधिक खास है। बता दें कि पान के पत्ते का इस्तेमाल सिर्फ पूजा-पाठ या खान में नहीं होता है, बल्कि यह ऊर्जा संतुलन और हीलिंग में भी काम आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पान के पत्ते का कैसे इस्तेमाल करना चाहिए।

**पुरानी और भरोसेमंद दवा** :आयुर्वेद के मुताबिक पान के पत्ते में उष्ण वीर्य यानी शरीर को गर्माहट देने वाली प्राकृतिक ऊर्जा मौजूद होती है। जब प्रदूषण, ठंड या मौसम में बदलाव की वजह से कफ बढ़ता है, तो यह कफ शरीर में गले में जलन, भारीपन, खांसी और बंद नाक जैसी समस्याएं होती हैं। इन सभी परेशानियों से आपको पान का पत्ता निजात दिला सकता है। इस नुस्खे को आजमाने से आपको सिरप या फिर दवा की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**गले में जलन का देसी इलाज** : इस विधि से खराश, सूखापन, गले की जलन, खांसी और कफ में जल्दी आराम मिलता है।

**ऐसे बनाएं पान के पत्ते का काढ़ा**

सबसे पहले 1-2 पान के पत्ते पानी में डालें।
फिर तुलसी के 3-4 पत्ते और 3-4 काली मिर्च डालकर अच्छे से उबालें।
अब कुछ मिनट उबालकर छान लें।
इसके बाद गर्म-गर्म पानी पिएं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## 12 वर्षीय किशोर के अपहरण की कोशिश

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के नकीरटोला में मंगलवार शाम 12 वर्षीय किशोर के अपहरण की कोशिश मामले में दो नाबालिग आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को निरुद्ध किया है। उत्तर पलाशगाछी पंचायत के अजुलटोला निवासी मनारुल शेख का पुत्र शाहिल शेख स्कूल के पास खड़ा था।तभी दो लोग उसे बिरयानी खिलाने का बहाना देकर बाइक पर बैठाकर पियारपुर बाजार की ओर ले गए।किशोर के दोस्त ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की। रात करीब 9 बजे अमानत बाजार के पास ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों असरफ शेख और सेलीम शेख को संदिग्ध स्थिति में पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। किशोर के पिता ने अपहरण की कोशिश को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर कांड संख्या 550/25 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और गुरुवार को उन्हें निरुद्ध कर दिया गया है।

## सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब गर्भवती महिलाओं को हुई भारी परेशानी



**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में इन दिनों गर्भवती महिलाओं व अन्य मरीजों की जांच करने वाली अल्ट्रासाउंड मशीन खराब हो जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहां सदर अस्पताल में गुरुवार को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए भर्ती मरीजों समेत अन्य मरीज बिना अल्ट्रासाउंड जांच कराए बगैर ही निराश होकर वापस लौट गए। उधर सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन के खराब होने से अब यहां भर्ती मरीजों व अन्य मरीजों को निजी क्लिनिक की ओर जांच करवाने के लिए रुख करना पड़ रहा है जिसके कारण उन्हें काफी दिक्कतें आ रही है।

## आज उधवा के पतौड़ा लोहिया भवन में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक




**साहिबगंज/उधवा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी के द्वारा आज उधवा के पतौड़ा लोहिया भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह जिला सचिव सुरेश टुडू,जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रम,जिला परिषदअध्यक्ष मोनिका किस्कू,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो नजरुल इस्लाम,केंद्रीय समिति सदस्य राजाराम मरांडी,जिला युवा मोर्चा सचिव मो मारूफ गुड्डू,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा,केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर रहमान अखलाकुर रहमान,महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष बसंती हांसदा,रहमान अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अयुब शेख,तमिरुद्दीन शेख,काजू मल्लिक शामिल हुए।बैठक में संगठन को मजबूत बनाने का दिशा-निर्देश दिया गया।

## लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स संसद भवन में सम्मानित होंगे बजरंगी



**साहिबगंज :** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री व साहिबगंज के लोकप्रिय समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव आज लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स संसद भवन में जी लीडर्स समिट में शामिल होकर सम्मानित होंगे।यह सम्मान उन्हें सामाजिक धार्मिक व पर्यावरण के क्षेत्रो में किए गए अभूतपूर्व कार्यों एवं सहयोग के लिए दिया जा रहा है।श्री यादव ने कहा कि यह सम्मान क्षेत्रवासियों को समर्पित है क्षेत्रवासियों द्वारा दिए जाने वाला प्यार,सम्मान व आशीर्वाद ही मुझे सामाजिक धार्मिक एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है।वही बजरंगी प्रसाद यादव को लीडरशिप समिट में सम्मानित व चयनित होने पर साहिबगंज भाजपा के जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल भाजपा नेता पंकज घोष संजय साहा,विजय अग्रवाल,पवन अग्रवाल संतोष यादव,कृष्णा शर्मा,रेखा देवी,मनोज केसरी,कुंदन पासवान,हिरेण तांती,वरुण मंडल,तमाल मंडल,संदीप घोष,राहुल मंडल,अनमोल आनंद,मनोज यादव,राजदीप यादव,स्वाधीन घोष,अनुराग राहुल,अमर चौधरी सहित अनेकों क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

## प्रेमी-युगल की कराई गई शादी

**विश्रामपुर :** पिछले चार वर्षों से प्रेम-प्रसंग जारी रखते हुए साथ मरने-जीने को ठान चुके प्रेमी युगल की बुधवार की शाम में पलामू जिले के ऊंटारी रोड थाने की पुलिस के हस्तक्षेप शादी करा दी गई। गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शिव संपत धाम मंदिर परिसर में शादी कराई गई। हालांकि मशक्कत के बाद भी लड़का के माता-पिता शादी में शामिल नहीं हुए। ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की का प्रेम-प्रसंग पिछले चार वर्षों से लहर बंजारी के आलोक कुमार के साथ चल रहा था। पारिवारिक विरोध के कारण दोनों के बीच शादी नहीं हो पा रही थी।लेकिन जैसे ही लड़की की शादी तय हुई तब प्रेमी ने पहले तो अपने स्तर पर काफी प्रयास किया। इस क्रम में उसने लड़की की जहां शादी तय हुई थी वहां रिश्ता तोड़वाने का प्रयास किया। इसके बाद बाद नहीं बनी जिसके कारण मामला थाना पहुंच गया। पुलिस के हस्तक्षेप से दोनों शादी के लिए तैयार हो गए। मौके पर पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, अरूण वर्मा, चौकीदार विनय पासवान, सुरेश पासवान, मनोज चंद्रवंशी, दीनानाथ साह , सुनेशवर बैठा आदि उपस्थित थे।

# लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए : मरीज



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में इन दिनों साफ सफाई की भारी कमी देखी जा रही है। जहां ताजा मामला गुरुवार को उस वक्त देखने को मिला जब अल्ट्रासाउंड विभाग के सामने जमीन पर रखे हुए खाली बेड पर किसी प्रसूता महिला के मांस से सने खून के धब्बे खुलेआम पड़े थे। जिसके कारण प्रसूता महिला मरीजों और उनके परिजनों को काफी दिक्कत हो रही थी। इधर सदर अस्पताल में फैली गंदगी के मामले को देखने वाला कोई नहीं है। जिसके कारण प्रसूता महिला समेत अन्य मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बेड पर पसरी खून की गंदगी के कारण अन्य मरीज व उसके परिजन भी संक्रमित होने का खतरा बना रहता है ।जहां सदर अस्पताल प्रबंधन को ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि सदर अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं व अन्य मरीज के परिजनों को बीमार होने का खतरा न रहे और साफ सफाई सही तरीके से रहने पर पूरा परिसर स्वच्छ दिखें।

## गड्ढे में डूबने से बालक की मौत जांच में जुटी पुलिस



संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर मीना बाजार में गुरुवार को घर के पीछे पानी के गड्ढे में डूबने से कन्हाई रिखियासन के 2 वर्षीय पुत्र हीरा रिखियासन की मौत हो गई। जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद तालझारी थाना के एसआई संजीत कुमार मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। उधर इस घटना से पूरे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जहां पुलिस ने बालक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है जहां देर रात हो जाने के कारण बालक के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाने की स्थिति में उसके शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है जहां शुक्रवार की सुबह बालक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# अधिकारी निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यों को पूर्ण करें : हेमंत सती

संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय, साहिबगंज में पुनर्वास व पुनर्स्थापन कॉलोनी से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा कार्यों में और तेजी लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आर एण्ड आर कॉलोनी से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित किए जाएँ।बैठक में भूअर्जन से संबंधित प्रक्रियाओं, प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की स्थिति,



आधारभूत संरचनाओं के निर्माण, लंबित मामलों के निष्पादन तथा फील्ड स्तर पर टीमों के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विधिक प्रशिक्षण सह शिविर आयोजित

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड के उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय बेगमगंज में बुधवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के दिशानिर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय विधिक प्रशिक्षण सह शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाध्यक्ष मंटू ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि शिवपति मंडल, वरुण मंडल समेत अन्य समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कई स्वयंसेवक उपस्थित हुए, जिन्हें मानवाधिकार से संबंधित मूलभूत अधिकार, कर्तव्य और विधिक सहायता




से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। शिविर में भाग लेने आए लोगों को आयोजकों की ओर से फूल, कलम व अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।जिलाध्यक्ष मंटू ठाकुर ने कहा मानवा धिकार सिर्फ अधिकारों की बात नहीं बल्कि मानवता की रक्षा का संकल्प है। हर व्यक्ति को न्याय समानता और सम्मान मिले, यही इस शिविर का उद्देश्य है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।मौके पर अमर कुमार प्रामाणिककमलेश मंडल, उमाकांत, कृष्णा मंडल, मुकेश, सुखधन कर्मकार, तपन, प्रभु राम सरकार, सुरजीत दास सहित कई स्वयंसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विद्यालय में एसएमसी गठन को लेकर हुई बैठक

संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राज्यकीय बुनियादी विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को एसएमसी गठन को लेकर संबंधित विशेष बैठक बीपीओ दीपक मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व जिला शिक्षा परियोजना के पत्रांक 767 के आलोक में बीते वर्ष 30 सितंबर 2024 को बुनियादी विद्यालय तालझारी के एसएमसी का पुनर्गठन किया गया था परन्तु कुछ कारणों से एसएमसी का संचालन नहीं हो पाया जिसका निराकरण कर सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव लिए गए। जहां सर्वप्रथम पुर्व में गठित एसएमसी चयन संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। जहां सर्वसम्मति से सदस्यों व गणमान्य लोगों के उपस्थिति में पुर्व गठित एसएमसी समिति को यथावत रखा गया। उधर पुर्व की गठित एसएमसी चयन के सदस्य मुनमुन देवी का बच्चा इस विधालय से हटकर दुसरे विधालय में चला गया जिसके कारण उनके जगह पर फिरोजा खातुन को सदस्य मनोनीत



किया गया। वही सदस्य सहायक शिक्षक बलराम प्रसाद दास जो अन्य विधालय में नियुक्ति हो जाने पर उनके जगह पर गौरी शंकर सहायक अध्यापक को नामित किया जबकि बैठक के अंत में सदस्यों को आगे की कार्रवाई को लेकर अध्यक्ष उपाध्यक्ष संयोजक सह सचिव के नाम को बैंक खाता में जोड़े जाने की चर्चा की गई ताकि विधालय का विकास कार्य किया जा सकें। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष सूरज शेखर राम, उपाध्यक्ष ब्युटी सरदार, सदस्य मो. अनवर अंसारी, फेकु महलदार, स्वेता देवी, सुनीता साह, शिवानी देवी, शिखा देवी, शिक्षक गौरी शंकर, प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, तबिथा मुर्मू, मो. रिजवानुल सहित अन्य अभिभावक मौजूद थे।

## योजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा किया जाए : डीसी

संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जल जीवन मिशन जिला जल एवं स्वच्छता समिति एसबीएम-जी से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिये गए निदेशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रखंडों में जल साथियों के रिक्त पदों को ग्राम सभा के माध्यम से शीघ्र भरने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पृथक्करण केंद्रों की कार्यप्रणाली ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना बोरियो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजन मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना साहिबगंज गोड्डा दुमका एम भीएस की वर्तमान स्थिति, प्रगति, पूर्ण,प्रक्रियाधीन योजनाओं और हैंडओवर लंबित योजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यपालक अभियंता से प्राप्त की।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक कितने घरों को पाइप जलापूर्ति से जोड़ा गया है। इसकी जानकारी लेते हुए उन्होंने लक्ष्य आधारित एवं गुणवत्ता युक्त कार्य निष्पादन पर जोर दिया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान,जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम मार्टिन तारिक, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक जल जीवन मिशन स्वच्छ भारत मिशन के कर्मी उपस्थित थे।



# आकाश पाण्डेय को प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर जिले के युवा में खुशी

संवाददाता

**साहिबगंज :** लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास(युवा प्रकोष्ठ ने आकाश पांडेय को झारखंड प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता बनाया हैं।आकाश पाण्डेय को लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर साहिबगंज जिले के युवाओं मे काफी खुशी देखी जा रही है।आकाश पांडेय ने मीडिया को बताया कि वो लोजपा रा संगठन के एक सच्चे सिपाही और संगठन ने जो उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया हैं वो उसको पूरी निष्ठा से निभायेंगे।आगे आकाश पांडेय ने कहा कि हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान,युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रणब कुमार एवं झारखंड युवा के शैलेन्द्र द्विवेदी सहित पार्टी के सभी शीर्ष अधिकारी का हृदय से अभिनंदन करते हैं। और उनके मार्गदर्शन में हमेशा पार्टी एवं संगठन के हित में कार्य करेंगे।आगे आकाश पांडेय ने कहा कि पार्टी को पूरे झारखंड प्रदेश के साथ साथ पूरे जिले में मजबूत करेंगे।

## सांप काटने से बुजुर्ग हुआ मूर्छित

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के सैदपुर कन्हैया स्थान निवासी बुजुर्ग बलराम मंडल उम्र 82 वर्ष पिता स्व. भोला मंडल को गुरुवार उस वक्त बाएं हाथ की अंगुली में सांप ने काट लिया जब वो अपने खेत में काम कर रहे थे। उधर सांप के काटे जाने के बाद बुजुर्ग मूर्छित हो गया जिसके बाद परिजन उसे आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने फौरन इलाज किया जहां बुजुर्ग व्यक्ति खतरे से बाहर है।

# जितनी भी घटनाएं और दुर्घटनाएं हुई हैं उनका उद्भेदन पुलिस ने कर दिया है : राजेश

संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर थाना में ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज साहिबगंज की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर थाना मे आयोजित की गई।बैठक मे सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह के आलावे चेंबर के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक में चेंबर के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने साहिबगंज पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में साहिबगंज पुलिस प्रशासन ने उत्कृष्ट कार्य किया है।उन्होंने कहा कि जितनी भी घटनाएं और दुर्घटनाएं साहिबगंज में हुई हैं।उनका उद्भेदन पुलिस ने यथाशीघ्र कर दिया है।जो कि सराहनीय है।बैठक में चेंबर के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए,साहिबगंज की सुरक्षा और व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से इन सुझावों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का अनुरोध किया।बैठक मे अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,उपाध्यक्ष मोहित बेगराजका,संरक्षक सज्जन पोद्दार,सुनील भरतीया,आफताब आलम,सहसचिव जाहिद खान,अजय डोकनिया,कोषाध्यक्ष विवेक कुमार,कार्यकारिणी सदस्य




शुभम तिवारी,पिंटू कुमार शाह,अनिल सिंह,चन्दन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इन मुद्दों पर हुई चर्चा पुलिस पेट्रोलिंग में वृद्धि,शहर में नियमित और प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए,जिससे अपराधियों में भय बना रहे,अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए,जिससे वे अपराध करने से पहले सोचने पर विवश हों,जाम की स्थिति में सुधार शहर में यातायात प्रबंधन में सुधार किया जाए, जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सके, साइबर क्राइम थाना की स्थापना साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, साहिबगंज में साइबर क्राइम थाना की स्थापना की जाए, स्थानीय लोगों की भागीदारी स्थानीय लोगों को सुरक्षा में शामिल करके समुदाय आधारित सुरक्षा प्रणाली को मजबूत किया जा सकता है,रात्रि में लाउडस्पीकर और बाजा बजाने के समय को तय करना रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और बाजा बजाने पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि लोगों को रात्रि में शांति से सोने का मौका मिल सके।



# प्रियंका चोपड़ा ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ़ की

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में वी द विमेन मंच से जाह्नवी कपूर का प्रभावशाली वीडियो शेयर कर उनके विचारों को खुलकर सराहा। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस क्लिप को री-पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, बातचीत से शुरुआत होती है, तो मैं भी शामिल होती हूँ। उन्होंने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ़ की। यह वीडियो बरखा दत्त के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म वी द विमेन का है, जो देशभर की महिलाओं की आवाज़, उनकी पहचान, महत्वाकांक्षाओं और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए जाना जाता है। क्लिप में जाह्नवी कपूर बेहद साफ़गोई से स्त्रीत्व, समाज की अपेक्षाओं और समानता के असली मायनों पर बात करती दिखाई देती हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के अनुभवों को समझना और स्वीकारना कितना ज़रूरी है, बजाय इसके कि समानता को सिर्फ़ एक सतही अवधारणा तक सीमित कर दिया जाए। पीले रंग के आकर्षक आउटफ़िट में नज़र आ रहीं जाह्नवी के स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरे विचार दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े और इन्हीं विचारों ने प्रियंका चोपड़ा को उन्हें अपने प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने के लिए प्रेरित किया।





# रवि तेजा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकती हैं सामंथा रुथ प्रभु

दक्षिण सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु काफी समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। खबरे हैं कि वह निर्देशक राज निदिमोरू के साथ रिश्ते में हैं। इस बीच अभिनेत्री की अगली फिल्म से जुड़ा अपडेट आया है। चर्चा है कि सामंथा पहली बार सुपरस्टार रवि तेजा के साथ स्क्रीन साझा करते हुए नजर आएंगी। दोनों एक प्रोजेक्ट के लिए साथ में आए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... सामंथा वर्तमान में रवि के साथ एक प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रही हैं। फिल्म का शीर्षक तय नहीं है, लेकिन इसका निर्देशन शिव निर्वाण कर सकते हैं। अगर सबकुछ ठीक रहा तो पहला मौका होगा जब सामंथा और रवि को एक साथ फिल्मी परदे पर देखने का दर्शकों को मौका मिलेगा। अभी तो इस प्रोजेक्ट से संबंधित कोई भी आधिकारिक घोषणा सामंथा या रवि की ओर से नहीं की गई है। फिलहाल तो सामंथा रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम में व्यस्त चल रही हैं। यह नेटफिलक्स की आगामी वेब सीरीज है, जिसका निर्माण राज और डीके डी 2आर फिल्म्स के तहत कर रहे हैं। इस सीरीज का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया है। सामंथा के अलावा, इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर, अली फजल, वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत नजर आएंगे। दूसरी तरफ, सुपरस्टार रवि अगली फिल्म मास जाथारा में नजर आएंगे इसमें उनके साथ अभिनेत्री श्रीलीला हैं।

# मेघना गुलजार की 'दायरा' में पहली बार साथ दिखेंगे करीना और पृथ्वीराज सुकुमारन



निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवत: इनमें शूटिंग उपकरण हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए मेघना ने कैप्शन में लिखा, 'फाइनल शेड्यूल। यहां हम चले।' इसके साथ हैशटैग में उन्होंने दायरा भी लिखा है।

मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। दोनों स्टार्स पहली बार एकसाथ किसी फिल्म में दिखाई देंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

## 'राजी' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं मेघना

मेघना गुलजार की गिनती इंडस्ट्री के चुनिंदा निर्देशकों में होती है। वो इससे पहले 'राजी', 'छपाक' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुकी हैं। तीनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से जबरदस्त सराहना मिली है। वहीं 'छपाक' को छोड़कर बाकी दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही हैं। मेघना की आखिरी फिल्म 'सैम बहादुर' है, जिसमें विक्की कौशल प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।







# मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड में एक्टर्स की इनसिक्योरिटी के बारे में बात की

**एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों द फैमिली मैन सीजन 3 में अपने अभिनय के लिए तारीफें बटोर रहे हैं। हाल ही में कास्ट ने कुशा कपिला और कॉमेडियन रवि गुप्ता के साथ शो के बारे में कई बातें कीं। बातचीत में मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड में एक्टर्स के बीच मौजूद इनसिक्योरिटी के बारे में खुलकर बात की।**

## अनिश्चितता में हैं बॉलीवुड के कलाकार

मनोज बाजपेयी ने बॉलीवुड एक्टर्स में अनिश्चितता की भावना के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री में, एक्टर्स कभी एक-दूसरे की तारीफ नहीं करेंगे। वे कभी किसी के काम की तारीफ करने के लिए कॉल नहीं करेंगे, क्योंकि वे बहुत इनसिक्योर होते हैं। मैं अब भी लोगों को काम मांगने के लिए कॉल करता हूं। क्योंकि मैं पैदाइशी संघर्ष करने वाला इंसान हूं।

## रो पड़े थे जयदीप

बातचीत में जयदीप अहलावत ने बताया कि मनोज बाजपेयी ने पाताल लोक सीजन 1 में उनके काम की तारीफ की तो वह रो पड़े थे। उन्होंने कहा जब पाताल लोक सीजन 1 रिलीज हुआ था, तो मनोज भाई ने मुझे रात में फोन किया और मुझसे 15-20 मिनट बात की। मैं इसे जिंदगी भर नहीं भूलूंगा। उसके बाद, मैं बहुत रोया। उस समय मनोज बाजपेयी ने जयदीप अहलावत से कहा एक इंस्टिट्यूशन खोलो, और मैं तुम्हारा छात्र बनूंगा।

## मनोज और जयदीप साथ में कर चुके काम

द फैमिली मैन 3 से पहले, मनोज बाजपेयी और जयदीप अहलावत ने 2012 में गैंग्स ऑफ वासेपुर और चटगांव में साथ काम किया था। द फैमिली मैन के नए सीजन में, मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का अपना रोल फिर से निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत ने विलेन रुक्मा का रोल किया है।

## द फैमिली मैन 3 की कास्ट

द फैमिली मैन 3 के निर्देशक राज एंड डीके हैं। शो में मनोज बाजपेयी, निमरत कौर, अश्लेषा ठाकुर, शारिब हाशमी, प्रियमणि और जयदीप अहलावत अहम रोल में हैं। 21 नवंबर से यह शो अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।



## आईओसी ने रूसी युवा टीमों और खिलाड़ियों की वापसी का दिया सुझाव

# झंडा-गान के साथ भागीदारी की अनुमति की सिफारिश

एजेंसी

**जिनेवा :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को रूस और बेलारूस को वैश्विक खेलों में पुनः शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों को सलाह दी कि वे इन देशों की युवा टीमों और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय झंडे और राष्ट्रगान के साथ प्रतिस्पर्धा की अनुमति दें। आईओसी ने अपने बयान में कहा, ृखिलाड़ियों को दुनिया भर में खेल तक पहुंच और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर प्रतिस्पर्धा करने का मूल अधिकार है।ह्व यह संदेश रूस और इजराइल दोनों में स्वागत योग्य माना जा रहा है, जहां हाल के समय में खिलाड़ियों को भेदभाव का सामना करना पड़ा है। यह अपडेटेड रणनीति ह्वओलंपिक समिटह्व में तय की गई, जिसकी अध्यक्षता आईओसी प्रमुख किर्स्टी कोवेंट्री ने की। आईओसी ने स्पष्ट किया कि इन सिफारिशों को लागू करने में समय लग सकता है और प्रत्येक खेल संगठन अपने स्तर पर यह तय करेगा कि ह्वयुवा इवेंट की परिभाषा क्या होगी।



आईओसी ने यह भी दोहराया कि रूस को अभी भी किसी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी नहीं दी जानी चाहिए, हालांकि खिलाड़ियों की भागीदारी पर नरमी बढ़ाई जा रही है। यह सिफारिश विशेष रूप से डकार 2026 यूथ ओलंपिक गेम्स पर भी लागू होने की बात कही गई है। वर्तमान में रूस की ओलंपिक समिति निलंबित है और वह अपने राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ भाग नहीं ले सकती। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से रूस की टीमें फुटबॉल, एथलेटिक्स सहित कई खेलों से बाहर हैं। कुछ रूसी और बेलारूसी खिलाड़ी सर्दियों के खेलों में न्यूट्रल स्टेटस के साथ वापसी शुरू कर चुके हैं। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में भी कुछ रूसी और बेलारूसी खिलाड़ी बिना झंडे-गान के न्यूट्रल के रूप में खेले थे, जबकि टीम इवेंट में इन देशों पर प्रतिबंध जारी रहा। 2023 में जब यूरोपीय फुटबॉल संघ (यूएफा) ने रूसी अंडर-17 टीमों की वापसी की कोशिश की थी, तब 12 से अधिक सदस्य देशों के बहिष्कार के कारण उसे नीति वापस लेनी पड़ी थी।

# डफी के पांच विकेट से वेस्टइंडीज धराशायी, न्यूजीलैंड ने दर्ज की डब्ल्यूटीसी चक्र की अपनी पहली जीत

**वेलिंगटन :** वेलिंगटन टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज जैकब डफी ने दूसरी पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जिसके चलते वेस्टइंडीज मात्र 128 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड को मिले 56 रनों के लक्ष्य को टीम ने चाय से पहले ही हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। वेस्टइंडीज इस चक्र में सात में से छह मैच हार चुकी है और अब भी जीत से दूर है। तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह ब्रैंडन किंग (22) के रन-आउट से शुरू हुए विकेट पतन ने जल्द ही वेस्टइंडीज टीम को बैकफुट पर ला दिया। शाई होप उसी ओवर में आसान कैच दे बैठे,



जबकि कप्तान रोस्टन चेज भी डफी की उछाल लेती गेंद का शिकार बने। कवेम हॉज (35) और जस्टिन ग्रीव्स (25) ने थोड़ी कोशिश जरूर की, लेकिन 31वें ओवर में हॉज का पुल शॉट सबस्टिट्यूट विल यंग ने बेहतरीन कैच में बदल दिया।

88/6 के बाद जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी। डफी और रे ने मिलकर बाकी काम निपटा दिया। डफी ने 5-38 के आंकड़े के साथ पारी खत्म की।

### आसान रहा लक्ष्य का पीछा

लक्ष्य का पीछा करते हुए टॉम लैथम जल्दी आउट हुए, लेकिन डेवोन कॉनवे (28*) और केन विलियमसन (16*) ने टीम को 10 ओवर में ही जीत दिला दी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 278/9 पर पारी घोषित की थी। वेस्टइंडीज पहली पारी में 205 रन ही बना सकी थी।

मैच के बाद न्यूजीलैंड कप्तान टॉम लैथम ने कहा, ह्लदूसरी पारी में गेंदबाजी बेहतर होती गई। डफी की परफॉर्मेंस शानदार रही। वेस्टइंडीज कप्तान रोस्टन चेज बोले, ह्लपिच बल्लेबाजी के लिए आसान थी, लेकिन हम फायदा नहीं उठा सके ह्व

दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से माउंट माउंगानुई में शुरू होगा।

### संक्षिप्त स्कोर

न्यूजीलैंड 278/9 घोषित (हे 61, कॉनवे 60, फिलिप 3-70) और 57/1 (कॉनवे 28, विलियमसन 16)**

वेस्टइंडीज 205 (होप 47, टिकनर 4-32) और 128 (हॉज 35, डफी 5-38, रे 3-45)

सभी जिलों के डीएम को चुनाव आयोग का निर्देश

# निजी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में बूथ चयन पर दलों की सलाह को नजरअंदाज करें

एजेंसी

**कोलकाता :** राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को नया निर्देश दिया है। आयोग ने साफ कहा है कि निजी हाउसिंग कॉम्प्लेक्सों में मतदान केंद्र बनाने को लेकर किसी भी राजनीतिक दल की सलाह को नजरअंदाज किया जाए। यह निर्देश तब आया है जब अलग-अलग दलों की ओर से इस मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आ रही थी। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के




अनुसार, कुछ दलों का मानना है कि निजी फ्लैट कॉम्प्लेक्सों में मतदान केंद्र बनने से निवासियों को परेशानी हो सकती है। दूसरी ओर कुछ लोगों का तर्क है कि ऐसे कॉम्प्लेक्सों में बूथ बनने से बुजुर्ग और बीमार मतदाताओं को काफी सुविधा मिलती है क्योंकि उन्हें स्कूल या अन्य मतदान केंद्र तक नहीं जाना पड़ता। गुरुवार रात आयोग की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर को भेजे गए पत्र में नाराजगी जताई गई कि राज्य के किसी भी जिले से निजी मल्टी टावर कॉम्प्लेक्स की सूची नहीं भेजी गई। आयोग ने कहा कि यह जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों की वैधानिक ज़िम्मेदारी है, जिसे गंभीरता से नहीं निभाया गया। आयोग ने निर्देश दिया है कि ड्राफ्ट वोटर सूची के प्रकाशन के बाद, यानी 16 दिसंबर के बाद, सभी जिले तुरंत सर्वे कराएं। इस सर्वे में ऊंची इमारतें, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, आरडब्ल्यूए कॉलोनियां, झुग्गी बस्तियां और वे सभी गेटेड कम्युनिटीज शामिल होंगी जहां कम-से-कम 250 घर या 500 मतदाता मौजूद हों। जिलाधिकारी ग्राउंड फ्लोर पर उपलब्ध कमरों की जानकारी जुटाकर वहां मतदान केंद्र बनाए जाने की संभावना का विवरण देंगे। निर्वाचन आयोग ने यह पूरा काम 31 दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने का आदेश दिया है।

## यमुना किनारे स्थित कुँअर भाव सिंह बाबा मंदिर तक पक्की सड़क की मांग तेज, ग्रामीण बोले : 20 साल से सुनवाई नहीं

एजेंसी

**औरैया :** उत्तर प्रदेश में औरैया जनपद के सदर ब्लॉक क्षेत्र के गांव कस्बा सेंगनपुर में यमुना नदी किनारे स्थित प्रसिद्ध कुँअर भाव सिंह बाबा मंदिर तक पक्की सड़क न होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। गांव के लोगों का कहना है कि पिछले 20 वर्षों से लगातार पक्का मार्ग बनाए जाने की मांग उठाई जा रही है, लेकिन आज तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गांव निवासी विजय सिंह राजपूत ने बताया कि ग्रामीण कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग, जिला पंचायत और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांग रख चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों के कारण मंदिर तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाता है। पूर्व शिक्षक रामबाबू यादव ने बताया कि मंदिर के पास श्मशान घाट भी स्थित है, लेकिन पक्का मार्ग न होने से अंतिम संस्कार के लिए लोगों को दूसरे गांवों में जाना पड़ता है। यह



ग्रामीणों के लिए न केवल असुविधाजनक है, बल्कि परंपराओं में भी बाधा उत्पन्न करता है। गांव निवासी मनोज कुमार दुबे ने कहा कि कई जनप्रतिनिधियों ने पक्का मार्ग बनवाने का आश्वासन दिया, लेकिन जमीन पर आज तक कोई काम नहीं हुआ। उनका कहना है कि मात्र तीन किलोमीटर की सड़क है, जिसे बनाया जाना किसी भी हाल में मुश्किल कार्य नहीं है। वहीं ग्रामीण दलबीर सिंह का कहना है कि पक्का मार्ग न होने से बरसात में यमुना नदी पर स्थित मंदिर तक पहुंचना असंभव हो जाता है। कई ग्रामीण दर्शन करने भी नहीं जा पाते। गांव के जय सिंह, राघवेंद्र और हंस राज ने बताया कि पहले लोग पैदल चलकर यमुना घाट तक पहुंच जाते थे, लेकिन अब शव यात्रा ट्रैक्टर व चारपहिया वाहनों से जाती है, जिससे कच्चे रास्ते पर चलना जोखिम भरा हो गया है। इस कारण अंतिम संस्कार के लिए अन्य गांवों के घाट का सहारा लेना पड़ रहा है। इस विषय पर जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि व औरैया ब्लॉक के पूर्व प्रमुख राजकुमार दुबे ने बताया कि पक्का मार्ग बन पाना फिलहाल मुश्किल है क्योंकि मार्ग के बीच वन विभाग की जमीन आती है और विभाग ठडउ जारी नहीं कर रहा है।

## शामली जिले का 25 हजारी बदमाश मुठभेड़ में घायल

**बागपत :** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले की खेकड़ा पुलिस ने शामली जिले के एक 25 हजारी बदमाश को मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक तमंचा कारतूस व मोटर साइकिल भी बरामद हुई है। बदमाश पर बडौत कोतवाली में 304 बीएनएस में मुकदमा भी दर्ज है। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में लूट के दौरान गैर इरादतन हत्या के एक मामले में फरार चल रहे बदमाश के साथ खेकड़ा पुलिस की मुठभेड़ बड़ागांव के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस -वे के पास हुई । मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश बडौत कोतवाली का 25 हजार का इनामी कलीराम पुत्र महेंद्र निवासी खानपुर कला थाना झिझाना जनपद शामली है, जिस पर धारा 304 में मुकदमा दर्ज है। बदमाश के पास से एक तमंचा, दो कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एसपी बागपत सूरज कुमार राय का कहना है मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश लूट के मामले में फरार चल रहा था। जिस पर 25 हजार का ईनाम था। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## अमेरिका में चैटजीपीटी की हत्या-आत्महत्या में कथित भूमिका, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट पर मुकदमा

एजेंसी

**वाशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका में कनेक्टिकट की 83 वर्षीय वृद्धा की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस महिला के परिवार ने चैटजीपीटी निमार्ता कंपनी ओपनएआई और उसके साझेदार माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। परिवार का आरोप है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित चैटबॉट ने हत्या आरोपित बेटे के भ्रम को बढ़ाते हुए उसे अपनी मां की हत्या के लिए उकसाया। आरोपित बेटा पूर्व टेक एग्जीक्यूटिव है। अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट और फ्रांस के दोपहरकालीन अखबार ले मोंडे की रिपोर्ट के अनुसार, हत्यारोपित 56 वर्षीय स्टीन-एरिक सोलबर्ग ने मां की हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। मुकदमे के दस्तावेजों के अनुसार, सोलबर्ग को पहले भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें रही हैं। उसने चैटजीपीटी को बताया था कि उनकी मां के होम ऑफिस में लगा प्रिंटर एक सर्विलांस डिवाइस हो सकता है और इसका इस्तेमाल उन पर जासूसी करने के लिए किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि चैटबॉट ने इस पर सहमति जताई। इस मुकदमे में बेतहाशा आर्थिक मुआवजा और ओपेन एआई को चैटपैट में सुरक्षा उपाय लगाने का आदेश देने की मांग की गई है। पुलिस ने बताया कि स्टीन-एरिक सोलबर्ग ने अगस्त में कनेक्टिकट के ग्रीनविच में अपने घर पर अपनी मां सुजैन एडम्स को बुरी तरह पीटा और गला घोंटकर मार डाला और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली थी। एडम्स के परिवार ने गुरुवार को सैन फ्रांसिस्को में कैलिफोर्निया सुपीरियर कोर्ट में यह मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में कहा गया है कि ओपेनएआई ने एडम्स के परिवार को चैट्स की पूरी हिस्ट्री देने से मना कर दिया है। ओपेनएआई प्रवक्ता ने कहा, ₹यह एक अविश्वसनीय रूप से दिल दहला देने वाली स्थिति है। हम विवरण समझने के लिए फाइलिंग की समीक्षा करेंगे।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत बिगड़ी

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष और देश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत और बिगड़ गई। किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। खालिदा का इलाज राजधानी ढाका के एवरकेयर अस्पताल में चल रहा है। बीएनपी नेत्री खालिदा लंबे समय से बीमार चल रही हैं। 23 नवंबर से इस अस्पताल में भर्ती 80 वर्षीय खालिदा जिया को इस वक्त इलेक्टिव वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। इलेक्टिव वेंटिलेटर सपोर्ट का मतलब है कि योजनाबद्ध तरीके से या सर्जरी से पहले मरीज को सांस लेने वाली मशीन (वेंटिलेटर) का सहारा देना। जब डॉक्टर को पता होता है कि एनेस्थीसिया या ऑपरेशन के कारण मरीज खुद से सांस नहीं ले पाएगा। इलेक्टिव एक योजनाबद्ध और पूर्व तय चिकित्सा प्रक्रिया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रात से खालिदा जिया की हालत कुछ ज्यादा गंभीर है। उनका सावधानी से इलाज चल रहा है। उनके उच्च इलाज के लिए गठित मेडिकल बोर्ड कहा कि उनकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। उन्हें नियमित डायलिसिस की जरूरत है। मेडिकल बोर्ड की ओर से प्रो. डॉ. शहाबुद्दीन तालुकदार ने गुरुवार देररात स्थिति का विश्लेषण करते हुए बयान जारी किया है। इसमें लोगों से जिया के बारे में अफवाह न फैलाने की अपील की गई है। बयान में कहा गया है कि उन्हें सांस लेने में अधिक दिक्कत हो रही है। खून में ऑक्सीजन लेवल कम हो गया है। कार्बन डाइऑक्साइड का लेवल बढ़ गया है। उनका इलाज हाई-फ्लो नेजल कैनुला और बाइपैप मशीन से किया जा रहा है। यह मशीन मास्क के जरिए हवा को फेफड़ों तक पहुंचाती है।

## सर्द हवाओं से ठिठुरा मध्य प्रदेश, पारा पहुंचा 5 डिग्री से नीचे, इंदौर पचमढ़ी से भी रहा ठंडा

- आज प्रदेश के 5 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। प्रदेश का तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। शहडोल का कल्याणपुर एक बार फिर सबसे सर्द रहा। यहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रहा। वहीं, इंदौर में बीते 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। दरअसल, पचमढ़ी से भी ठंडी इंदौर की रात रही है। यहां रात का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हुई बर्फबारी से मध्य प्रदेश में कड़ाके की



सर्दी देखने को मिल रही है। प्रदेश में आ रही उत्तरी हवाओं के चलते शीतलहर की स्थिति बनी है। आज शुक्रवार को पांच जिलों भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। इससे पहले गुरुवार को भोपाल, इंदौर, राजगढ़, सीहोर और रायसेन में शीतलहर चली। वहीं शहडोल में कोल्ड डे यानी, शीतल दिन रहा। गुरुवार रात अधिकांश शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे ही रहा। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रहा। रायसेन में 5 डिग्री, रीवा में 5.9 डिग्री, शिवपुरी में 6 डिग्री, उमरिया में 6.1 डिग्री, बालाघाट के मलाजखंड में 6.8 डिग्री, नौगांव में 7.1 डिग्री, मंडला में 7.3 डिग्री, खजुराहो में 7.4 डिग्री, रायसेन-छिंदवाड़ा में 7.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 8.2 डिग्री, छिंदवाड़ा में 8.4 डिग्री, सतना में 8.6 डिग्री, दमोह में 8.8 डिग्री, रतलाम में 9.2 डिग्री, श्योपुर-गुना में पारा 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भोपाल में 6.6 डिग्री, ग्वालियर में 9.2 डिग्री, उज्जैन में 8.2 डिग्री और जबलपुर में तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसके करण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21




प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,901 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,591.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 48,823.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,703.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,085.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 164.47 अंक यानी 0.68 प्रतिशत उछल कर 24,294.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में इकलौता शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,871.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 100 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,126 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 28,124.94 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 361.49 अंक यानी 1.40 प्रतिशत उछल कर 25,892 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,575.90 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा निक्केई इंडेक्स 383.18 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,5240 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,138.50 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,653.01 के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत उछल कर 1,256.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बेलदा के नेकुरसेनी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोटो दुर्घटना

**मेदिनीपुर :** खड़गपुर-बालेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर गुरुवार देर रात एक टोटो दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में टोटो चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसा बेलदा थानांतर्गत नेकुरसेनी क्षेत्र में हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दांतन की ओर से बेलदा की दिशा में जा रहा एक टोटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गया। दुर्घटना में राहगीर को हल्की चोटें आईं, जबकि टोटो चालक विश्वजीत नायक को गंभीर अवस्था में बेलदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल चालक विश्वजीत नायक बखराबाद ग्राम पंचायत के बीरबरपुर गांव का निवासी हैं। घटना की सूचना पाकर बेलदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त टोटो को बरामद कर लिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### मुलुंड गोल्फ कोर्स का लोगों ने किया विरोध

**मुंबई :** मुलुंड डंपिंग ग्राउंड पर गोल्फ कोर्स विकसित करने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है. राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठन और स्थानीय लोग इसके विरोध में उठ खड़े हुए हैं। इस प्रस्ताव को तत्काल रद्द करने की मांग की गई है। बीएमसी प्रशासन ने मुलुंड डंपिंग ग्राउंड में गोल्फ कोर्स विकसित करने की योजना बनाई है। शिवसेना (यूबीटी) समेत कई संगठनों ने इस परियोजना का विरोध किया है। उनका कहना है कि मुलुंड और आस-पास के इलाकों में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। मुंबई मनपा को सबसे पहले इस भूमि का उपयोग अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, खेल मैदान, शैक्षणिक सुविधाएं और मूलभूत सुविधाओं के लिए करना चाहिए। आरोप है कि गोल्फ कोर्स जैसी सुविधाएं आम जनता के उपयोग में नहीं आतीं। यह सिर्फ संपन्न वर्ग के लिए बनाई जाती हैं। इससे स्थानीय लोगों को कोई फायदा नहीं होगा। शिवसेना के स्थानीय नेताओं का कहना है कि डंपिंग ग्राउंड का कचरा पूरी तरह साफ नहीं किया गया है। इस जगह पर करोड़ों रुपये खर्च कर गोल्फ कोर्स बनाना उचित नहीं है। लोग वर्षों से प्रदूषण और दुर्गंध से परेशान हैं। यहां पर्यावरण सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### रायपुर : मुख्यमंत्री साय आज कवर्धा में करेंगे मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देने और युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में मेडिकल कॉलेज कबीरधाम की स्थापना होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शुक्रवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान ग्राम घोटिया में मेडिकल कॉलेज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित शिला का शिलान्यास एवं भूमिपूजन करेंगे। मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन को लेकर जिले के लोगों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं में आशा की नई किरण जागी है कि इस कॉलेज से कबीरधाम को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को पुण्यतिथि और पूर्व केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे को जयंती पर किया नमन

**भोपाल :** आज (शुक्रवार) को हिन्दी के महान कवि एवं पद्म भूषण से सम्मानित मैथिलीशरण गुप्त की पुण्यतिथि है। इसके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की आज ही के दिन जयंती है। इस अवसर पर मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुण?यात?माओं को याद करते हुए विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैथलीशरण गुप्त को पुण्यतिथि पर याद करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा राष्ट्रकवि, पद्मभूषण, मैथिलीशरण गुप्त जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।जनजागृति के साथ राष्ट्रीय नैतिक चेतना से अनुप्राणित उनकी कृतियों में तत्कालीन समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता भी है। उनकी साहित्यिक रचनाएं देश की अमूल्य धरोहर हैं। एक अन्य संदेश के माध्यम से सीएम डॉ. यादव ने गोपीनाथ मुंडे की जयंती पर नमन करते हुए कहा पूर्व केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री, गोपीनाथ मुंडे जी की जयंती पर सादर नमन करता हूं। नए भारत के निर्माण के प्रति उनका संकल्प युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। गरीब-कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उनके प्रयास सदैव याद किए जाएंगे।

### शिमला : करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी की मौत, मेंटेनेंस के दौरान हुआ हादसा

**शिमला :** बिजली लाइन की मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मरम्मत का काम पूरा होने के बाद जैसे ही पावर सप्लाई बहाल की गई तो युवक अचानक बिजली की चपेट में आ गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय हिमांशु चौहान के रूप में हुई है, जो बिजली बोर्ड में आउटसोर्स पर कार्यरत था। यह हादसा शिमला जिले के जुब्बल थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम आईटीआई गेट के पास हुआ जब वह ड्यूटी के दौरान नियमित लाइन मेंटेनेंस का काम कर रहा था। हिमांशु मूल रूप से जुब्बल के परौंठी गांव का रहने वाला था और पिछले कुछ समय से आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहा था। उसकी अचानक मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। हिमांशु अविवाहित था।
पुलिस को हादसे की सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मरम्मत कार्य समाप्त होने के तुरंत बाद बिजली बहाल होते ही लाइन में अचानक करंट प्रवाहित हो गया, जिसके संपर्क में आते ही हिमांशु बुरी तरह झुलस गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मेंटेनेंस के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था या नहीं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि कार्यस्थल पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध थे या नहीं। बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता कर्ण की शिकायत पर थाना जुब्बल में मामला दर्ज किया गया है। जुब्बल पुलिस ने बीएनएस की धारा 125 और 289 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुब्बल के एसएचओ ने शुक्रवार को बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की अंतिम पुष्टि होगी।

### मप्र: मोहन यादव सरकार के दो साल, मुख्यमंत्री आज पेश करेंगे दो साल का लेखा-जोखा

**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। आज शुक्रवार को डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल में पत्रकार वार्ता के जरिए जनता के सामने सरकार का लेखा-जोखा पेश करेंगे। पत्रकार वार्ता में वे सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों, प्रमुख परियोजनाओं और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी साझा करेंगे। जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री की पत्रकार वार्ता के अगले दिन 13 दिसंबर को प्रभारी मंत्रीगण अपने-अपने संभागीय और जिला मुख्यालयों में जिला विकास सलाहकार समितियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मीडिया को संबोधित कर अपने क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी देंगे, जबकि 14 दिसंबर को बाकी जिलों में भी प्रभारी मंत्री जिला सलाहकार समितियों की बैठक कर पत्रकार वार्ता करेंगे। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया गया है कि वे जिला स्तर पर हुए कार्य, उपलब्धियां और आगामी कार्ययोजना की पूरी जानकारी साझा करें।

### ग्वालियर में आज होगी महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यशाला

**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतिपोषण) अधिनियम 2013 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से बाल भवन के सभागार में आयोजित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी उपासना राय ने सभी कार्यालय प्रमुखों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने कार्यालय में गठित आंतरिक परिवाद समिति के अध्यक्ष एवं दो सदस्यों को कार्यशाला में उपस्थित होने के लिये निर्देशित करें।

न्यूज IN ब्रीफ

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नही

**दुमका :** जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला परिवहन विभाग एक्शन मोड में आ गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में बुधवार की देर रात को मसानजोर थाना गेट के सामने वाहन जांच /शराब जांच अभियान चलाया गया।

वाहन जांच /शराब जांच अभियान में परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों को रोकझरोककर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। अभियान के दौरान कई वाहन के चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। ऐसे वाहन को जप्त कर मसानजोर थाना को सुपुर्द किया गया तथा वाहन चालक से दण्ड राशि वसूल की गई। साथ ही वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया जैसी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं। नियमों को तोड़ने वालों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

## जनता की समस्याओं का समाधान का निर्देश

**देवघर :** जिले की जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को समक्ष रखा गया। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

## जय मां काली पूजा सामग्री की दुकान तथा जनरल स्टोर का हुआ भव्य उद्घाटन



**चक्रधरपुर** स्थित थाना रोड में मोदक स्वीट्स भंडार के निकट जय मां काली पूजा सामग्री के साथ-साथ जनरल स्टोर का विधिवत उद्घाटन झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा ने फीता काट कर किया इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि -

इस स्थल पर काफी समय से पूजा सामग्री तथा जनरल स्टोर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी तथा इस दुकान के प्रोपराइटर राजेश मोदक एवं राकेश मोदक ने अपनी माता के सपना को पूर्ण करते हुए उक्त पूजन सामग्री की दुकान तथा जनरल स्टोर खोला है। इस अवसर पर मोदक भाइयों ने कहा कि समुचित दर पर पूजा सामग्री तथा जनरल स्टोर में सभी चीजों को समुचित दर पर निर्धारित करने के साथ-साथ लोगों को सहज रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में पहल किया है। पूजा सामग्री और जनरल स्टोर की वस्तुओं को होम डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी गौरतलब हो कि थाना रोड में काफी समय से उक्त प्रतिष्ठान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसे जन अपेक्षा के फल स्वरूप पूर्ण किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती पुष्पा देवी, नरेंद्र सिंह मोदक,शिवली मोदक ,रीमा मोदक ,अनीता मोदक, सुमित सूरज और ओम के अलावा सोनू शादाब तथा धीरज चौधरी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्टेशन और ट्रेन से मिले दो अज्ञात शव की नहीं हुई शिनाख्त

**जमशेदपुर :** टाटानगर रेल पुलिस अभी अज्ञात शव के शिनाख्त में जुटी है लेकिन दोनों मृतक के परिजनों का पता नहीं चल रहा है। जानकारी के अनुसार, 11 दिसंबर को पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस के जनरल कोच से अज्ञात अधेड़ 50 वर्ष का शव टाटानगर स्टेशन पर यात्रियों की सूचना पर उतारा गया था जबकि, 7 दिसंबर को टाटानगर स्टेशन की ड्रॉपिंग लाइन से एक अज्ञात अधेड़ 50 वर्ष का शव आरपीएफ की रिपोर्ट पर बरामद हुई थी। रेल पुलिस ने दोनों शव के मामले में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज पोस्टमार्टम करा दिया लेकिन मृतकों की पहचान के लिए कोल्हान के विभिन्न थानों से संपर्क कर रही है। जीआरपी के अनुसार, दोनों शव से यात्रा टिकट नहीं मिलने से जीआरपी की परेशानी बढ़ गई है।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत वॉलीबॉल प्रतियोगिता 14 को

**जमशेदपुर :** सांसद खेल महोत्सव के तहत 14 दिसंबर को रामदास भट्ठा कम्युनिटी सेंटर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीमें इसमें भाग ले सकती हैं। किसी भी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेने के योग्य होंगे। इच्छुक टीमों को 13 दिसंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन के बाद शनिवार को ही फिक्सर ड्रॉ किया जाएगा।

## अंत्योदय ने 40 महीने में 502 शव का किया अंतिम संस्कार

**जमशेदपुर :** अंत्योदय एक अभियान ने करीब 40 महीने में 502 लावारिश शव का अंतिम संस्कार किया। शुक्रवार को अंत्योदय ने एक साथ तीन लावारिश शव मिलने पर 500 के आंकड़े को पार कर दिया। अभियान के संयोजक प्रवीण सेठी ने बताया अंत्योदय ने 31 अगस्त 2022 को गणेश चतुर्थी के दिन लावारिस शव के अंतिम संस्कार करने की कार्यक्रम शुरू किया था, जो अब भी जारी है। प्रवीण के अनुसार, एक वर्ष में जितने शव (महिला पुरुष और बच्चे) की अंतिम संस्कार कराया जाता है,

# देवघर नगर निगम की टीम का क्लीनिक व डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापेमारी, तीन संस्थाओं को नोटिस

संवाददाता

**देवघर :** नगर आयुक्त के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम की गठित विशेष टीम–सभी सेनेटरी इंस्पेक्टर सह फूड इंस्पेक्टर एवं सेनेटरी सुपरवाइजर–द्वारा शहर के विभिन्न क्लीनिक और डायग्नोस्टिक सेंटरों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच की।

जांच के क्रम में डॉ. नेहा प्रिय क्लीनिक, डॉ. मंजरी सिंह क्लीनिक तथा लङ्क्स्री ऊॅल्लङ्क२३ू ऊल्ल३१ी में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। टीम को प्रमाण मिले कि इन संस्थानों के द्वारा उत्पन्न बायोमेडिकल वेस्ट को सड़क पर फेंका जा रहा था, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि इन संस्थानों में बायोमेडिकल वेस्ट कंटेनरों का उचित उपयोग बिल्कुल नहीं किया जा रहा था। टीम के पहुंचने पर जहां-जहां कंटेनर उपलब्ध थे, वे सभी खाली पाए गए। वहीं दूसरी ओर सभी प्रकार के कचरे–सामान्य कचरा, चिकित्सा अपशिष्ट एवं अन्य प्रदूषक–को बिना किसी छंटाई के मिलाकर सड़क किनारे फेंकने का कार्य किया जा रहा था। वहां मौजूद कर्मियों द्वारा नियमित रूप से कचरा सड़क पर डालने का वीडियो और प्रत्यक्ष साक्ष्य भी निगम टीम को प्राप्त हुआ।




नगर निगम ने इस लापरवाही को अत्यंत गंभीर मानते हुए तीनों संस्थानों को औपचारिक नोटिस निर्गत किया है। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट नियम 2016 एवं नगर निगम अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अर्थ दंड (जुमार्ना) लगाया गया है। संबंधित संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे नोटिस प्राप्त करते ही निर्धारित जुमार्ना तत्काल जमा करें एवं आगे से सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें।

बायोमेडिकल वेस्ट अधिनियम के तहत सभी क्लीनिक एवं डायग्नोस्टिक सेंटर को प्रतिदिन संबंधित बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण एजेंसी के द्वारा उठाव करवाना अनिवार्य है एवं इसका साक्ष्य भी अपने पास रखना अनिवार्य है ताकि जांच के क्रम में निगम के टीम के सामने प्रस्तुत कर सके। नगर निगम ने कहा कि शहर की स्वच्छता एवं नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य संस्थानों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता

**मसलिया :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-02, दुमका, प्रखंड मसलिया अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत सभी जलसहिया को एफटीके किट के माध्यम से जल जांच एवं जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण विषय पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड सभागार में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन द्वारा शुभारंभ एवं जल जांच किट का वितरण किया गया। जल गुणवत्ता विषय पर सभी जलसहिया को जिला समन्वयक-आइ इ सी, श्री ब्रजेश कुमार के द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि सभी जलसहिया प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत अपने-अपने गांव के सभी जल स्रोतों का एफ टी के किट के माध्यम से जल जांच करेंगे और अपने गांव अंतर्गत 5-5 सक्रिय महिला को भी जल जांच करने के लिए सिखाएंगे ।




जल जांच करने के उपरांत सभी जल सहिया अपने-अपने गांव का जल जांच प्रतिवेदन हदटक्र के पोर्टल पर अपलोड भी करेंगे। शुद्ध जल मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है यदि कोई जल प्रदूषित हो जाता है तो पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाता है इसलिए आप सभी अपने-अपने गांव में जितने भी पेयजल स्रोत हैं उसका जल जांच परीक्षण आवश्यक रूप से करें और अपने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जल गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक करें। बिना जल जांच किये पेयजल के रूप में उपयोग ना करें। जल जीवन मिशन के तहत सभी अवयवो पर भी विस्तार पूर्वक से चर्चा की गई। प्रशिक्षण जल जांच के सभी पैरामीटर यथा पी.एच, टरबीडीटी, कुल कठोरता, क्लोराइड, क्षारीयता, लोह तत्व, नाइट्रेट, क्लोराइड, फास्फेट, अमोनिया, सल्फेट आदि को एक एक कर प्रदर्शन कर बताया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड वास समन्वयक प्रेम मुर्मू कनिया अभियंता प्रेम प्रकाश टुडू के द्वारा सहयोग किया गया। सभी जलसहिया उपस्थित रहे।

# जामताड़ा एसडीओ के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

संवाददाता

**जामताड़ा :** जिला अधिवक्ता संघ से जुड़े वकीलों ने जामताड़ा एसडीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीओ कार्यशैली में सुधार लाएं, अन्यथा एसडीओ कोर्ट का बहिष्कार किया जाएगा।




एसडीओ के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि कोर्ट में एसडीओ द्वारा समय पर फैसला नहीं सुनाया जाता है। अधिवक्ताओं ने एसडीओ पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। जामताड़ा कोर्ट के अधिवक्ताओं का कहना है कि एसडीओ मनमानी करते हैं उनके आवेदनों पर समय पर सुनवाई नहीं करते हैं। इस कारण आदेश समय पर पारित नहीं हो पाता है। वहीं यदि आदेश पारित हो भी जाता है तो दो-चार महीने बाद जानकारी दी जाती है। साथ ही मिस पिटीशन में भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस कारण अधिवक्ताओं के साथ-साथ मुवक्किलों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जिला अधिवक्ता संघ ने बैठक कर लिया फैसला

एसडीओ कार्यालय में कामकाज में हो रही परेशानी और एसडीओ पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ में लिखित रूप से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर जिला अधिवक्ता संघ ने बैठक कर एसडीओ के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर शिकायत में सुधार लाने और ऐसा नहीं करने पर एसडीओ कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता मोहनलाल बर्मन ने बताया कि एसडीओ के खिलाफ मिली शिकायत पर संघ की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया है कि सभी शिकायतों के संबंध में एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर सुधार लाने का आग्रह किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि अगर इसके बावजूद एसडीओ अपनी कार्यशाली में सुधार नहीं लाते हैं और शिकायतों का समय पर निपटारा नहीं करते हैं तो सभी अधिवक्ता एसडीओ कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करेंगे। फिलहाल एसडीओ की कार्यशैली के खिलाफ अधिवक्ताओं में काफी रोष देखा जा रहा है। यदि समय रहते समस्या का निदान नहीं किया गया तो अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट सकता है और वह सड़क पर उतर सकते हैं।

# सुखदेव नगर थाना को मिली व्यापक सफलता और कामयाबी

## डीएसपी कोतवाली और थाना प्रभारी ने हासिल की उपलब्धि






बिनय मिश्रा

बुधवार रात्रि करीब 10:00 बजे वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची महोदय को एक गुप्त सूचना मिला कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शूगर की खरीद बिकी हो रही है। इस सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नगर, रांची के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम रक्ळ का गठन किया गया। इसके बाद रक्ळ टीम द्वारा सुखदेवनगर स्थित कुम्हार टोली, चूना भट्ठा के पास टीम के द्वारा अमित सोनी के घर पर विधिवत छापामारी किया गया तो घर में अमित सोनी को पाया गया एंव उसके घर के दूसरा तल्ला में कपड़ा के बीच में छिपा के रखा हुआ ब्राउन शूगर 20, 58 ग्राम बरामद किया गया। इसके बाद उनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि ये सासाराम के शाहिद नामक व्यक्ति से ब्राउन शूगर लाकर रांची में उँचा दाम में बेचते है। आगे इनके द्वारा बताया कि ब्राउन शूगर खरीद बिकी से संबंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

आगे इनसे पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि अखिल मेमोरियल गली, रातू रोड में अनिकेत कुमार उर्फ सिनु एवं उसका परिवार के लोग भी घर से ही ब्राउन शूगर का खरीद बिकी करते है। इस पर रात्रि करीब 2 बजकर 30 मिनट पर अनिकेत कुमार उर्फ सिनु के घर में विधिवत छापामारी किया गया तो घर पर अनिकेत कुमार उर्फ सिनु एवं उसका भाई सोनु कुमार को घर में पाया गया। इसके बाद उन दोनों को विधिवत बदन की तलाशी लेने पर अनिकेत कुमार उर्फ सिनु के पैंट के पॉकेट से प्लास्टिक में लपेटा हुआ ब्राउन शूगर कुल-10.20 ग्राम एवं सोनु कुमार के पैंट से कुल-2 ,40 ग्राम बरामद हुआ। इसके बाद घर का तलाशी लने पर अनिकेत कुमार उर्फ सिनु की पत्नी अनीशा कुमारी उर्फ अन्नु को एक कमरा में सोते हुए पाया गया। इस पर उसकी पत्नी को महिला सअनि पुष्पम कुमारी के द्वारा उठाने पर बोला गया तो वह बेड से उठने के लिए मना कर दी। इस पर उनको तलाशी में सहयोग के लिए बोलने पर अनीशा कुमारी उर्फ अन्नु उठी और बेड से कंबल को हटाया गया तो बेड में अपने साथ 5,82,000/ रूपया ओढ़कर छिपा रखी थी। इसके बाद सभी से पैसा के बारे में पूछताछ करने पर बताया गया कि अनिशा कुमारी उर्फ अन्नु भी ब्राउन शूगर खरीद बिकी में शामिल है और ये पैसा भी ब्राउन शूगर बेचकर ही जमा किया गया था। और कुछ दिन में अनिकेत कुमार उर्फ सिनु सासाराम के पिन्टु साह के पास से ब्राउन शूगर लाकर रॉची में घर से और घूम-घूम कर ब्राउन शूगर बेचते। इसके बाद तीनों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। और इस संबंध में सुखदेवनगर थाना काण्ड संख्या-647/25 दिनांक-11.12.25 धारा-11 (2) (बी) बी एन एस 23 एंड 21( )/22/29 एनडीपी ए स एक्ट 1985 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता,

अनिकेत कुमार उर्फ सिनु उम्र 23 वर्ष राम बचन यादव पता-अखिल मेमोरियल स्कूल गली, रातू रोड, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची

अमित कुमार सोनी उर्फ अमित सोनी उम्र 29 वर्ष स्वर्गीय विजय सोनी पता-कुम्हार टोली, चूना भट्ठा, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रॉची।

सोनू कुमार उम्र 21 वर्ष राम बचन यादव पता-अखिल मेमोरियल स्कूल गली, रातू रोड, थाना-सुखदेवनगर, जिला रांची

अनीशा कुमारी उर्फ अन्नु उम्र 21 वर्ष पति अनिकेत कुमार उर्फ सिनु सा अखिल मेमोरियल स्कूल गली, रातू रोड, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रॉची।

बरामदगी,

ब्राउन शूगर कुल-33.18 ग्राम (बाजार मूल्य-6,60,000 / रूपया)

कुल रूपया-5,82,000 / रूपया नगद ।